26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 6 अक्टूबर, 2026

अंक- 343 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों का मार्च

## पुलिस के रोकने पर धरने पर बैठे

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के सांसदों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग करते हुए आज संसद भवन से चुनाव आयोग की ओर मार्च किया लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया, जिसके बाद सांसद नीति आयोग के सामने धरने पर बैठ गये। सभी विपक्षी सांसद इससे पहले संसद भवन के मकर द्वार पर एकत्रित हुए और वहां से लोकतंत्र बचाव के नारे लगाते हुए



चुनाव आयोग की तरफ बढ़ने लगे। पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया तो सभी सांसद नीति आयोग के सामने धरने पर बैठ गए। पुलिस के रोकने के बाद कई सांसद जबरदस्ती आगे बढ़ाने की कोशिश करते हुए बैरिकेड पर चढ़ गये। काफी देर तक आगे नहीं बढ़ पाने पर सभी सांसदों ने वहीं बैठकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

# प्रबल हत्याकाण्ड में सभी सात अभियुक्तों की जमानत मंजूर

## बिजनौर की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 31 जुलाई को सुनाई थी उम्रकैद की सजा

**बिजनौर ( चिंगारी )। बहुचर्चित प्रबल हत्याकांड में उम्रकैद की सजा काट रहे सभी 7 अभियुक्तों को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट की डबल बैंच से आज सभी अभियुक्तों की जमानत मंजूर हो गई। शीघ्र ही सभी अभियुक्त बरेली सेंट्रल जेल से बाहर आ जायेंगे।**



इलाहाबाद हाईकोर्ट में कोर्ट नंबर 43 सीरियल नंबर 51 पर सभी अभियुक्तों की जमानत याचिका लगी थी। जिस पर आज सुबह करीब 11 बजे सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ व विनय कुमार तिवारी की डबल बैंच ने दलीलें सुनने के बाद संजय गुप्ता, विनय अग्रवाल, अपूर्व अग्रवाल, अनुज गुप्ता, राहुल गुप्ता, निखिल अग्रवाल, आशीष अग्रवाल की जमानत मंजूर कर ली। इन सभी आरोपियों को बिजनौर की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने गत 31 जुलाई को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। 19 दिसम्बर 2012 को नगर के शहनाई बैंकेट हॉल में आयोजित अग्रसेन जयंती समारोह के दौरान प्रबल अग्रवाल की हत्या हुई थी। हत्या के बाद प्रबल का शव गंगा में फेंक दिया गया था। 15 जनवरी 2013 को शव बरामद हुआ था। इस मामले में उपरोक्त सात व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की थी।

इस मामले में सारे गवाह पक्षद्रोही हो गए थे। सिर्फ प्रबल की बहन प्राची के बयान को आधार बनाकर फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश डॉ. शहजाद अली ने सभी सात आरोपियों को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। सभी अभियुक्त बरेली सेंट्रल जेल में साज काट रहे हैं। जल्द ही सभी अभियुक्त जेल से बाहर आ जायेंगे।

# यूपी से निर्विरोध जीतेंगे भाजपा और सपा के राज्यसभा उम्मीदवार

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की सभी 10 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। समाजवादी पार्टी ने तीसरा प्रत्याशी नहीं उतारने का इशारा कर दिया है। भाजपा के आठ और सपा के दो प्रत्याशी अब राज्यसभा के सांसद बन जाएंगे। सपा के दोनों प्रत्याशी पहले ही नामांकन कर चुके हैं। भाजपा के आठों प्रत्याशी आज नामांकन दाखिल करेंगे। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीसरा प्रत्याशी नहीं उतारने का इशारा मंगलवार की सुबह सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किया। अखिलेश यादव ने लिखा कि अब हमारी निगाह तीन पर नहीं, चार सौ तीन पर है। यूपी विधानसभा में 403 सीटें हैं। ऐसे में साफ हो गया है कि अखिलेश यादव राज्यसभा चुनाव में भाजपा से भिड़ने की जगह अब विधानसभा चुनाव में ही आर-पार करने के मूड में हैं।

बिना आप्रेशन/बिना चीड़-फाड़

बवासीर PILES भगन्दर FISTULA फिशर FISSURE

नोएडा-गुरुग्राम के प्रख्यात गुदा रोग विशेषज्ञ

डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)



अब

सप्ताह में दो दिन बिजनौर में

बृहस्पतिवार -बिजनौर

शुक्रवार - बास्टा



न शर्मायें, न छिपायें न करें घरेलू उपचार न जायें नीम हकीमों के द्वार मात्र 10 दिनों में पायें स्थायी समाधान

बिना भर्ती, शीघ्र रिकवरी के साथ इस तकनीक द्वारा यह रोग भविष्य में कभी नहीं होते।

किसी भी शंका के समाधान के लिये तुरन्त कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब

M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# कारोबारी समेत परिवार के चार लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत

**मुजफ्फरनगर ( चिंगारी )।** लक्सर में जन्मदिन की पार्टी में शामिल होकर लौट रहे परिवार की स्कॉर्पियो गाड़ी भैंसलीवाला गांव के निकट डंपर से टकरा गई। हादसे में प्रॉपर्टी डीलर एवं उत्तराखंड में होटल कारोबारी आदेश गोयल समेत उनके परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। दो घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। मुजफ्फरनगर के नई मंडी निवासी आदेश गोयल के मौसा लक्सर निवासी राधेश्याम का सोमवार को 75वां जन्मदिन मनाया गया। लक्सर से स्कॉर्पियो में सवार होकर आदेश गोयल अपने परिवार के छह सदस्यों के साथ रात 11 बजे वापस लौट रहे थे। पुरकाजी क्षेत्र में लक्सर मार्ग पर भैंसलीवाला के पास पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रहे डंपर के साथ उनकी गाड़ी टकरा गई। पुलिस ने स्कॉर्पियो का दरवाजा तोड़कर सभी को बाहर निकाला और सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टर ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान कारोबारी आदेश गोयल (45 वर्ष), उनकी बहनें निशा (36 वर्ष), राखी (30 वर्ष) और निशा की 14 साल की बेटी श्रद्धा के रूप में हुई। हादसे में आदेश की मां कुसुम देवी पत्नी रूबी तथा राखी की बेटी वैष्णवी घायल हुये हैं।

# शादी ब्याह की गैर-ज़रूरी रस्मों के ख़ात्मे व निकाह को आसान बनाने पर जोर



नजीबाबाद (चिंगारी)। जामा मस्जिद हरसवाड़ा में इस्लाह-ए-मुआशरा के उनवान से अज़ीमुश्शान इज्लास-ए-आम बाद नमाज़-ए-इशा आयोजित किया गया। इजलास में शादी ब्याह में राइज गैर-ज़रूरी रस्मों व खुराफ़ात के ख़ात्मे, फ़ुज़ूलख़र्ची से इज्तिनाब व अहल-ए-इस्लाम को इस्लामी तालीमात की तरफ़ मुतवज्जह करने के मक़सद से एक रोज़ा अज़ीमुश्शान इजलास-ए-आम मुनअक़िद हुआ। प्रोग्राम की सदारत मौलाना मुफ़्ती इसरार अहमद, नायब सदर जमीयत उलमा ने फ़रमाई, जबकि निज़ामत मौलाना मुहम्मद अकरम, नायब नाज़िम जमीयत उलमा ने अंजाम दिए। शादी ब्याह में सादगी व सुन्नत-ए-नबवी को अपनाने पर जोर दिया गया। इजलास के मेहमान-ए-खुसूसी हज़रत मौलाना मुफ़्ती मुहम्मद रिफ़ाक़त ने शादी ब्याह की तक़रीबात में बढ़ती हुई गैर-ज़रूरी रस्मों, फ़ुज़ूलख़र्ची व मुख़्तलिफ़ मुआशरती ख़राबियों से बचने की खुसूसी तलक़ीन फ़रमाई। उन्होंने बिलखुसूस नौजवानों को मुख़ातिब करते हुए फ़रमाया कि शादी ब्याह को आसान और सादा बनाया जाए। शादी की तक़रीबात में गैर-ज़रूरी अख़राजात व रस्म व रिवाज पर ख़र्च होने वाली रक़म को बच्चों की तालीम व तरबियत, मुस्तक़बिल की ज़रूरतों और मआशी इस्तिहकाम के लिए महफ़ूज़ किया जाए। इजलास में मुफ़्ती इसरार अहमद, मौलाना इम्तियाज़ अहमद, मौलाना मुहम्मद अकरम, क़ारी तसलीम अहमद गौसपुरी, मौलाना मौ. इरशाद, मौलाना लईक़ अहमद, क़ारी मौ. नौशाद, मौलाना मौ. सुलेमान, मुफ़्ती मौ. असअद, मौलाना रईस अहमद, मौलाना मुफ़्ती मौ. उवैस शिबली, मौलाना इसरार अहमद, क़ारी मौ. साजिद, मौलाना मुहम्मद तालिब, क़ारी फ़हीम अहमद, क़ारी मुहम्मद शहज़ाद, क़ारी मुहम्मद गुफ़रान, हाफ़िज़ मुनकशिफ़ आलम मौजूद रहे।

# ताइक्वांडो खिलाड़ियों को सम्मानित किया




नजीबाबाद (चिंगारी)। लायंस क्लब बैंक्वेट हॉल में ओपन इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ आकाश कान्हा कर्णवाल ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि के रूप में अवनीश अग्रवाल टांडे वाले ने खिलाड़ियों को मेडल व टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। चैम्पियनशिप में बिजनौर, मुरादाबाद, कोटद्वार व मेरठ सहित विभिन्न स्थानों से आए 200 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अवनीश अग्रवाल ने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक विकास के साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य व नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। कार्यक्रम का संचालन ताइक्वांडो कोच रिंकू वर्मा ने किया। रितेश सैन व रणवीर सिंह निराला ने खिलाड़ियों से कहा कि ताइक्वांडो जैसे खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि नजीबाबाद व बिजनौर के खिलाड़ी आज विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम में मेजर एलएस बिष्ट, वसीम अहमद, दीपिका गौड़, नीमा शर्मा, प्रदीप डेजी, धर्मेंद्र कश्यप, सुभाष कुमार, असलम सैफी, आलोक सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




# कामराजपुर में खुर्शीद मंसूरी ने दिखाई अपनी ताकत

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम कामराजपुर में आज़ाद समाज पार्टी कांशीराम के भावी विधानसभा प्रत्याशी एवं साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने जनसभा आयोजित की। जिसमें आसपास के कई गांवों के लोगों ने शिरकत कर खुर्शीद मंसूरी को चुनाव लड़ाने का भरोसा दिलाया। खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि जनता ने जिस प्यार, विश्वास व समर्थन के साथ उनका साथ दिया है, वह उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लोगों ने उन्हें जो प्यार व सम्मान दिया है उसका अहसान वह कभी नहीं भूलेंगे। दिन-रात उनकी समस्याओं व दुख-सुख में उनके बीच खड़े रहेगे। कार्यक्रम का आयोजन नाजिम डीलर ने किया। उबैद नजीबाबादी के संचालन में कार्यक्रम में अब्दुल्ला गुलजार कासमी, कफील अंसारी, इमरान मंसूरी, इंतजार प्रधान, सलीम अंसारी, मुफ्ती ओसामा, अब्दुल्ला प्रधान, पूर्व प्रधान नफीस, फिरासत, जुनैद, पूर्व प्रधान वाजिद, राहतपुर प्रधान मुस्तफा, पूर्व प्रधान शमशीद अंसारी, तालिब, फुरकान मंसूरी, मानु, जावेद, अल्ताफ, यूसुफ ठेकेदार, नाजिम फिलर, सूफी गुलाम साबिर, नूर अली, महबूब उर्फ गुड्डू, माजिद, अनवार मास्टर, मौ. सादिक, जिशान, इरशाद, सूफी शमीम साहब, बावेजा, आसिफ अहमद, नूर हसन, सलमान आदि मौजूद रहे।

नवरात्रों की हार्दिक शुभकामनाएं
असली इलेक्ट्रिक
ATHER
एथर इलेक्ट्रिक
इंडिया का
नं. फैमिली
स्कूटर

लिमिटेड स्टॉक
नवरात्रों के लिये
बुकिंग प्रारंभ
अपनी पसंद का स्कूटर
आज ही बुक करायें।
Dhruvika Motors LLP
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 9119766026
DHAMPUR :
Indra Nagar Colony Near AYushman Hospital Dhampur
MOb. 9762717747

हमलावरों ने किये थे दो फ़ायर, मुक़दमा किया हल्की धारा में दायर ( पेज 11 )



# चोरी का आरोप लगा तो नाले में जा छिपा

## पुलिस ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सिविल लाइन इलाके में कल शाम एक अजीबोगरीब मामला सामने आया। हुआ यूं कि एक व्यक्ति गंदे नाले में जा छिपा। आसपास के लोगों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से व्यक्ति को नाले से बाहर निकाला।

नाले से बाहर निकाले जाने के बाद व्यक्ति की हालत देखकर पुलिस ने उसे एंबुलेंस से अस्पताल भेज दिया। घटना के दौरान मौके पर काफी संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए।



व्यक्ति को बदहवास हालत में गंदे नाले से खींचकर बाहर निकाला गया। उसकी हालत देखकर प्रतीत हुआ कि वह नशे में था।

बताया गया कि पंजाबी कॉलोनी के बाहर उक्त व्यक्ति पर पैसे चोरी करने का आरोप लगा था। इसके बाद वह भागकर कृष्णा बेकरी के सामने स्थित नाले में जाकर छिप गया। हालांकि, व्यक्ति पर पैसे चोरी का आरोप सही है या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### घटना का वीडियो सामने आया

**घटना के दौरान मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। जांच के बाद ही चोरी के आरोप और घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।**

# उत्तराखण्ड में फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, 10 अक्टूबर तक येलो अलर्ट

**कुमाऊं और गढ़वाल में बारिश, गर्जन और तेज हवाओं का दौर; 4200 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के आसार**

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखण्ड में एक बार फिर मौसम करवट लेने वाला है। मौसम विभाग ने 6 से 11 अक्टूबर तक उत्तराखंड में येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कुमाऊं और गढ़वाल मंडल के पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ गर्जन और तेज हवाएं चलने की संभावना है। वहीं, प्रदेश के अधिकांश मैदानी जनपदों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।

मौसम निदेशक डॉ.सी.एस तोमर के अनुसार, 6 से 8 अक्टूबर तक 4200 मीटर एवं उससे अधिक ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में अच्छी बर्फबारी हो सकती है। इसके बाद 9 से 11 अक्टूबर के बीच करीब 3800 मीटर की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बर्फबारी के आसार हैं। चमोली, नैनीताल, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के साथ गर्जन और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। वहीं, 6 और 7 अक्टूबर को नैनीताल, चंपावत, अल्मोड़ा, देहरादून, टिहरी और पौड़ी में मध्यम बारिश के साथ तेज गर्जन और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है।

# युवती का हाथ पकड़कर धमकी दी- कहीं और शादी की तो देख लूंगा!

## पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई

**किरतपुर ( चिंगारी )।** कस्बे के मोहल्ला लाडपुरा निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर एक युवक पर उसकी 19 वर्षीय बेटी को परेशान करने, रास्ते में हाथ पकड़ने तथा शादी कहीं और करने पर फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

तहरीर के अनुसार, पीड़ित की बेटी कक्षा 12 में पढ़ती है। आरोप है कि मोहल्ला हसनपुरा निवासी अल्तमश पुत्र अरशद उसे आते-जाते परेशान करता था। 30 सितंबर को युवती बाजार गई थी। आरोप है कि इस दौरान अल्तमश ने उसका हाथ पकड़ लिया और धमकी दी कि वह कहीं भी शादी करेगी तो वह शादी नहीं होने देगा।

तहरीर में आरोप लगाया गया है कि अगले दिन युवक ने पीड़ित के मोबाइल पर फोन और मैसेज कर युवती से अपने कथित संबंध होने की बात कही। इसके बाद युवती के पिता युवक के घर शिकायत करने पहुंचे। आरोप है कि वहां युवक के परिजनों ने समझाने के बजाय उनके साथ अभद्रता और गाली-गलौज की।

पीड़ित का आरोप है कि युवक ने युवती की फोटो और वीडियो होने की बात कहते हुए शादी कहीं और होने पर उन्हें वायरल करने की धमकी दी। साथ ही शादी नहीं होने देने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। तहरीर में युवक के दो अन्य परिजनों पर भी धमकी देने का आरोप लगाया गया है।

पीड़ित पिता ने थाना पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि एक आरोपी पकड़ लिया है बाकी भी जल्दी पकड़ लिए जायेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट ने एक्टर राजपाल से कहा-आपकी जगह जेल में



**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। चेक बाउंस और गबन से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अभिनेता और उनके वकील को जबरदस्त फटकार लगाई। वादे के मुताबिक, अदालत की रजिस्ट्री में तय रकम जमा न करने पर जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि अभिनेता को कानून के सम्मान की कोई परवाह नहीं है और इस तरह के अहंकार की सही जगह जेल है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए राजपाल यादव को मंगलवार (आज) तक हर हाल में भुगतान करने का निर्देश दिया है।



### भली लगे या बुरी...

## काश! गांधी जी से सीख ली होती

स्वतंत्रता के बाद गांधी जी ने नेताओं को सीख देते हुए कहा था कि जब कभी तुम्हें अपने निर्णय पर संदेह या दुविधा हो तो अपनी नजर में समाज के सबसे गरीब को रख कर सोचो कि क्या तुम्हारे निर्णय से उसकी परेशानियां कम होंगी या उसके चेहरे पर मुस्कराहट की हल्की सी लकीर आयेगी। यदि ऐसा होता है तो तुम्हारा निर्णय ठीक है। भारत के 21वीं शताब्दी में पहुंचने के बाद शायद ही कोई नेता गांधी जी की इस सीख पर अमल करता हो। आज निर्णय लेने के पहले अधिकतर नेताओं के मन में शायद उन देशी-विदेशी कार्पोरेट महारथियों के चेहरे आते हों जिन्होंने करोड़ों रुपये चंदा देकर उसकी 'छवि' बनायी व सत्ता तक पहुंचाया। उसके दिमाग में शायद शेयर बाजार आता हो कि उसके निर्णय से सेंसेक्स में कितना उछाल आयेगा या देशी-विदेशी रेटिंग एजेंसियां आती हों कि वे देश की 'कर्ज साख' में कितनी बढ़ोत्तरी करेंगी। नेताओं के दिमाग में शायद सेलेब्रिटीज़ के चेहरे या एलेक्ट्रानिक माध्यम के 'महारथी' आते होंगे कि उसके निर्णय की सुनियोजित तरीके से कितनी प्रशंसा होगी। उसके दिमाग में समाज के उच्च वर्ग या ज्यादा से ज्यादा नव-मध्य वर्ग के युवाओं-युवतियों के चेहरे आते होंगे जो 'सोशल मीडिया' पर उसकी तारीफ में पुल बांध देंगे। ऐसे समय 'नेता' के दिमाग में शायद ही यह बात आती हो कि आजादी के इतने वर्ष बाद भी देश के हजारों गांवों ने बिजली का नियमित प्रकाश नहीं देखा है और उनको दोनों समय भोजन, साफ पानी, सिर पर छत व आवश्यकता होने पर दवा मयस्सर नहीं है।

आखिर इन सबका कारण क्या है? याद करना चाहिये कि गांधीजी और उनके अनुयाइयों ने देश की गरीबी व उसके कारण समझने के लिए धन व संसाधन रहते हुए भी न्यूनतम खर्च में जीवन चलाने तथा गरीबों की तरह रहने का प्रण किया था और अधिकतर इसमें खरे भी उतरे थे। आज न्यूनतम उपभोग तथा अपरिग्रह की बातें 'हास्यास्पद' तथा आदिम जमाने की 'पोंगापंथी' लगेंगी जिसका कारण बाजार व्यवस्था का वर्चस्व है। कहा जाता है कि बाजार का प्रारम्भिक कार्य मनुष्यों की आवश्यकताओं की पूर्ति करना है, पर आज वह 'नकली' आवश्यकतायें पैदा करने, 'अनावश्यक उपभोग' करने तथा संसाधनों की 'बर्बादी' का कारण बन गया है। यही अत्यधिक उपभोग एक ओर प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट कर अनेकानेक प्राणियों व वनस्पतियों के विनाश का कारण बना है, वहीं दूसरी ओर यह भयानक विषमता को जन्म दे रहा है।

# बूथ कैप्चरिंग से एसआईआर तक लोकतंत्र की शुद्धिकरण यात्रा



-डॉ. राघवेन्द्र शर्मा

एक समय था जब लोकसभा और विभिन्न राज्यों की विधान सभाओं के चुनावों में दिल दहला देने वाली सियासी खबरें समाचार-पत्रों के प्रथम पृष्ठ पर सुर्खियां बनी रहती थीं। उदाहरण- फलां राज्य में बूथ कैप्चरिंग हो गई। लोकतंत्र के लुटेरों द्वारा मतदान कार्य में लगे कर्मचारियों, अधिकारियों, पोलिंग बूथ एजेंटों और यहां तक की मतदाताओं की सामूहिक हत्याओं के समाचार प्रमुखता लिए रहते थे। कुछ ही मिनटों में फर्जी मत पत्रों से भरी हुई पेटियों को मतदान केंद्रों में रखकर, असली मत पेटियों और मतपत्रों को या तो आग लगाकर जला दिया जाता था अथवा उन्हें नदियों, तालाबों और कुओं में फेंक दिया जाता था। उन घटनाओं को भी स्मरण रखना आवश्यक है, जो बताती थीं कि मतदान केंद्र लूटने वालों के आतंक के चलते असली मतदाता का मतदान केंद्रों तक पहुंचना असंभव सा हो जाता था। जबकि उनके नाम पर राजनीतिक संरक्षण प्राप्त गुंडों, मवालियों और लुटेरों द्वारा फर्जी मतदान कर दिया जाता था। लिखने में कोई हिचक नहीं कि लंबे समय तक भारतीय लोकतंत्र में एक कालखंड ऐसा भी रहा, जब मतदान केंद्रों पर गोलीबारी, हत्या, आतंक और लूटपाट एक प्रकार से चुनावी रस्म ही बन गए थे। अतः यह कहा जा सकता है कि भारत के चुनावी इतिहास में मतदान केंद्रों की लूट लोकतंत्र पर एक बड़ा काला धब्बा रही है। तत्समय सरकारों पर काबिज रहे वे, और सरकारों पर काबिज होने के लिए लालायित अधिकांश राजनीतिक दलों में मानो बूथ कैप्चरिंग की होड़ मची रहती थी। दावे के साथ लिखा जा सकता है कि इस तरह की लोकतंत्र विरोधी गतिविधियों से भारतीय जनता पार्टी जो तत्समय भारतीय जनसंघ हुआ करती थी, का दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं था, न आज है और भविष्य में न कभी होगा। लेकिन जो लोग आज लोकतंत्र की हत्या, संविधान का अपमान, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की बेईमानी, एसआईआर से वोट चोरी, चुनाव आयोग की फूट आदि अफ़वाहें उड़ाकर भारतीय मतदाताओं को बरगलाने की जी तोड़ कोशिशों में लगे हुए हैं, उनमें से अधिकांश का वास्ता बूथ कैप्चरिंग अर्थात मतदान केंद्रों की लूट से बना रहा है।

उदाहरण के लिए बताना उचित रहेगा कि भारत में पहली बूथ कैप्चरिंग की घटना 1957 के दूसरे आम चुनाव के दौरान बिहार के बेगूसराय जिले के मटिहानी विधानसभा क्षेत्र के रचियाही गांव में दर्ज की गई थी। वहां मुकाबला कांग्रेस के सरयुग प्रसाद सिंह और कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के चंद्रशेखर सिंह के बीच था। कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में स्थानीय बाहुबली और माफिया डॉन कामदेव सिंह ने अपने करीब 20 सशस्त्र गुंडों के साथ पोलिंग बूथ पर धावा बोल दिया। उन्होंने विरोधी पार्टी के समर्थकों को वोट देने से रोका, मतपेटियों को बंदूक की नोक पर छीन लिया और जमकर फर्जी मतदान कराया। बाद में मतपेटियों को एक कुएं में फेंक दिया गया था। वर्ष 1957 की इस घटना के बाद अपराधियों के बलबूते पर चुनाव जीतने वालों को समझ आ गया कि बंदूक की नोक पर सत्ता की चाबी हासिल की जा सकती है। बस फिर क्या था? 1970 और 1980 के दशक में राजनीतिक दलों ने बड़े पैमाने पर स्थानीय अपराधियों को संरक्षण देना शुरू किया। चुनाव के दिन हथियारबंद गुंडे गाड़ियों में भरकर आते थे, मतदान अधिकारियों को बंधक बनाते थे, नहीं मानने पर उन्हें घायल करते, यहां तक कि उनकी हत्या भी कर देते थे। हथियारों की नोक पर ये राजनीतिक लुटेरे सभी बैलेट पेपर्स पर अपनी पार्टी का ठप्पा मारकर मतपेटियों में भर देते थे। चुनाव में धांधली इस कदर बढ़ गई थी कि 1971 के लोकसभा चुनाव के दौरान तत्कालीन चुनाव आयोग को देश के 63 बूथों पर पुनर्मतदान कराना पड़ गया था, जिनमें से 53 मतदान केंद्र अकेले बिहार में थे। वहीं 1984 के चुनाव तक देश भर में पुनर्मतदान के मामले बढ़कर 264 हो गए। स्वयं को समाजवादी कहने वाले, देश को आज़ादी दिलाने का दावा करने वाले तथाकथित धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक दल शुरुआत में तो गुंडों को भाड़े पर लेते थे, लेकिन 1980 के दशक के अंत तक राजनीति का अपराधीकरण, या यूं कहें कि अपराधियों का राजनीतिकरण चरमोत्कर्ष तक पहुंच गया।

> आखिरकार बढ़ती चुनावी हिंसा और बूथ लूट की घटनाओं को रोकने के लिए चुनाव आयोग को 1989 में कड़े कदम उठाने पड़ गए। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में संशोधन करके बूथ कैप्चरिंग को कानूनन एक गंभीर संज्ञेय अपराध घोषित किया गया। इसके तहत दोषी को एक से तीन साल तक की जेल और जुर्माने का प्रावधान किया गया। इसमें सरकारी कर्मचारी अथवा अधिकारी के शामिल होने पर उनके लिए भी 3 से 5 साल की सजा का प्रावधान किया गया।

फलस्वरूप जो कल तक लोकतंत्र के लुटेरे हुआ करते थे, वह तेजी से विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशी बनते चले गए। ये शस्त्रधारी बाहुबली आतंक के बलबूते पर जीतते हुए लोकसभा और विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में जनप्रतिनिधि बनकर पहुंचते गए। आखिरकार बढ़ती चुनावी हिंसा और बूथ लूट की घटनाओं को रोकने के लिए चुनाव आयोग को 1989 में कड़े कदम उठाने पड़ गए। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में संशोधन करके बूथ कैप्चरिंग को कानूनन एक गंभीर संज्ञेय अपराध घोषित किया गया। इसके तहत दोषी को एक से तीन साल तक की जेल और जुर्माने का प्रावधान किया गया। इसमें सरकारी कर्मचारी अथवा अधिकारी के शामिल होने पर उनके लिए भी 3 से 5 साल की सजा का प्रावधान किया गया। बूथ पर लूट की शिकायत सही पाए जाने पर वहां का मतदान तुरंत रद्द कर पुनर्मतदान कराने की प्रक्रिया अपनाई गई।



फिर भी लोकतांत्रिक लुटेरे पूरी तरह नियंत्रित नहीं हुए, तब 1990 में टी.एन. शेषन के मुख्य चुनाव आयुक्त बनने के बाद भारतीय चुनावों की तस्वीर पूरी तरह बदल गई। उन्होंने सख्त कदम उठाए। संवेदनशील इलाकों में भारी मात्रा में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई। मतदान एकमुश्त की बजाय कई चरणों में कराए जाने लगे ताकि सुरक्षा बलों को हर बूथ पर तैनात किया जा सके। और अधिक कसावट लाने के लिए मतदाता पहचान पत्र को अनिवार्य किया गया। विभिन्न सर्वेक्षणों के बाद यह सच्चाई पूरे देश ने मानी कि बूथ लूटने की सबसे बड़ी वजह कागजी मतपत्र थे, जिन्हें एक साथ थोक में मुहर लगाकर बक्से में डालना आसान था। इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए भारत में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का प्रयोग शुरू हुआ और 1990 के दशक के अंत तक इसे पूरी तरह लागू कर दिया गया। अभी जो ईवीएम मशीनें प्रयोग में लाई जा रही हैं उनमें प्रोग्रामिंग ऐसी है कि हर एक वोट दर्ज होने के बीच कम से कम 5 सेकंड का समय लगता है। ऐसे में गुंडे कुछ ही मिनटों में सैकड़ों फर्जी वोट नहीं डाल सकते, जैसा बैलेट पेपर के समय होता था। यदि कोई जबरन बूथ में घुसता है, तो मतदान अधिकारी तुरंत मशीन का क्लोज बटन दबा देता है, जिसके बाद मशीन पूरी तरह लॉक हो जाती है और कोई नया वोट नहीं डाला जा सकता। आज के समय में केंद्रीय बलों की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, ड्रोन जैसी डिजिटल तकनीकों के कारण मतदान केंद्रों की लूट लगभग न के बराबर या बेहद दुर्लभ हो चुकी है। इसके बाद सबसे बड़ी समस्या सामने यह आई कि लंबे समय से मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण न होने से उन लोगों के नाम सूचीबद्ध बने रहे जो मर गए या अन्यत्र चले गए। फिर फर्जी तरीके से देश के बाहर से आए घुसपैठियों के नाम मतदाता सूचियों में जोड़ दिए गए। आश्चर्य की बात यह कि इन सभी के नाम पर निरंतर उन पोलिंग बूथों पर मतदान होता रहा, जहां वे पूर्व में रहा करते थे।

# हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं महिलाएं- मीनाक्षी भराला

## महिला और पुरुष एक-दूसरे के पूरक : डॉ. कृष्ण गोपाल

## बिजनौर में हुआ जिला स्तरीय व्यापारी सम्मेलन

## 11 प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल बिजनौर का जिलास्तरीय महिला व्यापारी सम्मेलन किरण उत्सव मण्डप बिजनौर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में महिला व्यापारियों सहित 11 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला ने कहा कि देश में महिला सशक्तिकरण हो रहा है। महिलाएं हर क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही हैं। उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुकुल अग्रवाल।



अतिथियों को सम्मानित करते हुए व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।



शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिये प्रोफेसर ( डॉ. ) शशिप्रभा को सम्मानित करते हुए अतिथि।

भी महिलाओं ने सफलता के आयाम स्थापित किये हैं।

एएसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह ने कहा कि महिला व पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं। जिस तरह पुरुष की कामयाबी के पीछे महिला का हाथ होता है, उसी तरह महिला की कामयाबी में पुरुष का हाथ होता है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ आपसी सद्भाव भी आवश्यक है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्रीमती अंशिका दीक्षित ने देश की प्रगति में महिलाओं के योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि आधी आबादी को पूरा सम्मान देकर ही आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है।

कार्यक्रम में श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल, कार्यक्रम अध्यक्ष मुकुल अग्रवाल प्रदेश महामंत्री, विनीत राजपूत जिला अध्यक्ष, श्रीमती मोनिका यादव प्रदेश महामंत्री महिला, सुश्री अलिशा हुसैन सिद्दीकी प्रदेश कोषाध्यक्ष महिला, श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल वर्मा नगर अध्यक्ष महिला बिजनौर, श्रीमती शशि सेंगर जिला अध्यक्ष महिला बिजनौर, श्रीमती रविता राठी डीएमसी महिला कल्याण विभाग, श्रीमती रीना अग्रवाल क्षेत्रीय अध्यक्ष, श्रीमती अनामिका जैन प्रदेश मंत्री महिला, श्रीमती नैना अग्रवाल प्रदेश संगठन मंत्री महिला, श्रीमती आयशा सिद्दीकी प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मुख्य रूप से मौजूद रहीं।

सम्मेलन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिये 11 व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सरदार सतवंत सलूजा, जावेद रहमान शम्मी, प्रशांत गुप्ता, अरूण गुप्ता बास्टा, पवन यादव, वासु अग्रवाल, तौकीर खान, अक्षय अग्रवाल, शोभित मित्तल, प्रीति अग्रवाल, सुरेश वर्मा, लटूर सिंह, राजन टंडन, अवनीश निगम, तसलीम सिद्दकी, बुरहान खान, संदीप जोशी, सुरेन्द्र कपूर, संजना अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, लाला विवेक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## बाबा टिकैत ने किसानों को अपने हक के लिये लड़ना सिखाया



### भाकियू ने श्रद्धापूर्वक मनाई किसान नेता की 91वीं जयंती

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक महेंद्र सिंह टिकैत की 91वीं जयंती भाकियू जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के नेतृत्व में मनाई गई। इस अवसर पर गन्ना समिति बिजनौर में हवन किया गया। बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और प्रसाद वितरण किया। इसके बाद एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पुराने किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि 6 अक्टूबर 1935 को मुज्जफरनगर जिले के सिसौली गांव में बाबा महेंद्र सिंह टिकैत का जन्म हुआ। वक्ताओं ने बाबा टिकैत की सादगी, ईमानदारी के किस्से सुनाए और पुराने दिनों को याद किया और उनके बताए रस्ते पर एक साथ चलने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने बताया बाबा टिकैत जब भी बिजनौर आते थे, गढ़ी गांव जरूर जाते थे, वहां पर दूध, मट्ठा और गुड़ का आनंद लेते थे और हुक्का पीते थे। इस अवसर पर ठाकुर रामावतार सिंह, जय सिंह, कॉमन सिंह, विनीत मौर्य, डॉक्टर विजय, गजेंद्र सिंह टिकैत, अनिल कुमार, चंद्रपाल सिंह, संदीप त्यागी, विनीत चौधरी, नीटू चौधरी, सूर्य बालियां, आशु चौधरी, अरुण कुमार, सुभाष सिंह, देवेंद्र सिंह, अंकित चौधरी, पुष्पेंद्र सिंह, ठाकुर हर्षवर्धन सिंह, सोहित छिल्लर, रजनीश, इशूराज राणा, शक्तिसालन, अंकुर कुमार, अमित चानमान, आदिल, बृजेश कुमार आदि।

### कई बार सरकार को झुकाया

**बाबा महेंद्र सिंह टिकैत अनेक बार जेल गए किसानों के हित की लड़ाई लड़ते हुए और इतिहास में पहली बार जहाज में हुक्का ले जाने वाले व्यक्ति भी बाबा टिकैत रहे और अनेक बार सरकारों को झुकाकर किसानों की मांगें मनवाई। बाबा टिकैत ने देश के किसानों को अपने हक के लिये बोलना व लड़ना सिखाया।**

## अवैध तमंचों के साथ दो गिरफ्तार

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शस्त्रों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के दौरान मिली सूचना के आधार पर रोशन लाल पुत्र स्व. मनोहरी लाल निवासी ग्राम काण्डई कोटद्वार को पकड़ लिया। तलाशी में उसके कब्जे से दो 12 बोर के अवैध तमंचे व दो जिंदा कारतूस बरामद किये। पकड़े गये आरोपी ने बताया कि वह उक्त तमंचा व कारतूस मौहल्ला रम्पुरा निवासी वसीम पुत्र स्व. नसीम अहमद को बेचने के लिए आया था। पुलिस ने रोशनलाल की निशानदेही पर नसीम को समीपुर के जंगल से गिरफ्तार कर लिया।

## ढिल्लो के नामांकन में शामिल हुए कार्यकर्ता

नजीबाबाद (चिंगारी)। भाजपा प्रत्याशी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो के नामांकन में शामिल होने के लिए कार्यकर्ता नजीबाबाद के एमएलसी चुनाव संयोजक ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल के नेतृत्व में 11 वाहनों से बरेली रवाना हुए। नजीबाबाद विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर यहां से लगभग 1100 वोट बनायें है। कार्यकर्ता नामांकन के बाद ढिल्लो के पक्ष में अधिक मतदान कराएगे। बरेली रवाना होने वालों में मुख्य रूप से चुनाव सहसंयोजक चौधरी ईशम सिंह, सुधीर कुमार, अनुज चौधरी, सचिन देशवाल, विशाल चैधरी, ग्राम प्रधान रुपराम सिहं, सरदार सतविंदर सिंह, सतपाल सिंह, राहुल हुड्डा, प्रशान्त चौधरी, वसीम अहमद, हेमेन्द्र सिंह, ब्रजराज सिंह, हरेन्द्र तोमर, अर्पण कुमार, गौरव कुमार, ओमवीर सिंह, आचार्य विक्रम सिंह, तुषार देशवाल, शैलभ देशवाल आदि शामिल रहे।



# छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज हुआ था, 7 माह की गर्भवती निकली नाबालिग

**नांगल सोती / मंडावली (चिंगारी)।** अप्रैल माह में जिस नाबालिग के साथ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज हुआ था , वह नाबालिग गर्भवती निकली। पीड़ित पिता की तहरीर पर अब बलात्कार का मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित पक्ष के अनुरोध पर इस प्रकरण में पूर्व मंत्री राजा भारतेन्द्र सिंह ने थानाध्यक्ष से वार्ता की थी।

## दूसरा मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार किया

मंडावली थाना क्षेत्र के एक ग्राम के निवासी व्यक्ति ने कल पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र में बताया है कि 17 अप्रैल , 2026 को उसकी तहरीर पर बीएनएस की धाराओं 74 ( छेड़छाड़ ) , 351 (2) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के अंतर्गत हिफजुर्रहमान पुत्र यासीन निवासी ग्राम हसनपुर थाना मंडावली के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। पीड़ित का कहना है कि उसकी लगभग 14 वर्षीय पुत्री के पेट में अत्यधिक दर्द होने पर उसे प्राइवेट चिकित्सक को दिखाया गया था। जांच के उपरांत चिकित्सक ने उसे लगभग सात माह की गर्भवती बताया है। पीड़ित बाप का कहना है कि उसने अपनी नाबालिग पुत्री से इस सम्बन्ध में पूछताछ की, तो उसने बताया कि फरवरी, 2026 में आरोपी हिफजुर्रहमान ने उसके साथ उसकी इच्छा के विरुद्ध डराकर व धमकाकर बलात्कार किया था। उसने डर व बदनामी के कारण पहले लिखाये गये मुकदमे के समय यह बात नहीं बतायी थी तथा तब उसे यह भी नहीं पता था कि वह गर्भवती हो गयी है। पीड़ित पिता ने इस सम्बन्ध में निष्पक्ष जांच एवं आरोपी के खिलाफ कठोर कार्यवाही कराने के लिये पूर्व मंत्री राजा भारतेन्द्र सिंह से गुहार लगाई थी। पीड़ित पिता के अनुरोध पर राजा भारतेन्द्र सिंह ने इस प्रकरण में मंडावली थानाध्यक्ष से बात कर कड़ी कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस ने कल शाम पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपी हिफजुर्रहमान के विरुद्ध बीएनएस की धारा 65 (1) तथा पॉक्सो एक्ट की धाराओं 5 जे (2), 6 के अंतर्गत दूसरा मुकदमा पंजीकृत किया है। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद तुरंत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है तथा पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिये भेजा गया है।

# बाबा टिकैत की जयंती मनायी



बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत की जयंती पर यज्ञ करते भाकियू कार्यकर्ता।

**नांगल सोती (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत की 91 वीं जयंती पर आज भाकियू (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय कार्यालय पर यज्ञ-हवन करके उनके महान संघर्षों, त्याग को याद किया। ग्राम शहजादपुर में स्थित भाकियू (टिकैत) के क्षेत्रीय कार्यालय पर एकत्रित हुए कार्यकर्ताओं ने यज्ञ-हवन का आयोजन किया। यज्ञ आर्य विद्वान कावेन्द्र सिंह एड. ने सम्पन्न कराया तथा मुख्य यजमान, ब्लॉक अध्यक्ष अजय बालियान उर्फ गुड्डू रहे। यज्ञ के उपरांत किसानों को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष अजय बालियान ने कहा कि बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत ने किसानों को अपने अधिकारों के लिये संघर्ष करना सिखाया। सत्यपाल सिंह, मुकुल सहरावत, पप्पू सिंह, रामेन्द्र एड., मोनू बालियान, साजिद हुसैन, रोहित कुमार, जयवीर सिंह, देवेन्द्र सिंह, राहुल कुमार, प्रमोद कुमार, तुलाराम सिंह, भूपेन्द्र सिंह, नफीस अहमद, जाहिद मालिक, हेमेन्द्र चौधरी सहित कई भाकियू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन किये सम्मानित



स्वतंत्रता सेनानी परिवारों का सम्मान करते हुए ब्लाक प्रमुख/ प्रशासक।

**धामपुर (चिंगारी)।** विकास खंड अल्हैपुर के डबाकरा हाल में सोमवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों के बलिदान को याद करते हुए करीब 11 स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को सम्मानित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रशासक क्षमा हेमलता चौहान और बीडीओ त्रिलोकचंद ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन, संघर्ष और देश के प्रति समर्पण को नमन किया। समारोह में मंजू राजपूत, जयवीर सिंह, संजय कुमार, रामेंद्र सिंह, कमल कुमार, रमेशचंद्र, ओमप्रकाश राजपूत, हेमेत सिंह, सुधीर शर्मा, आनंदपाल सिंह, देवराज सिंह, नरदेव सिंह, दानवीर सिंह, विकास कुमार, रविंद्र सिंह तथा पंचायत सचिव मोहित कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब ने श्मशान घाट पर की सफाई कूड़ा-कर्कट एकत्र कर उसमें आग लगाई



**धामपुर (चिंगारी)।** रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत नहटौर रोड स्थित बड़िया श्मशान घाट पर सफाई की और झाड़ू लगाकर एकत्र किए गए कूड़ा करकट को आग लगाकर वही नष्ट कर दिया गया।

इस मौके पर सभी रोटेरियन ने संकल्प लिया कि बड़िया अंत्येष्टि स्थल परिसर में बने मंदिर को भी रंग पेंट द्वारा सुंदर बनाया जाएगा और क्यारियों के रखरखाव हेतु एक माली की व्यवस्था भी की जाएगी। इस कार्य को क्लब एवं समाज सेवी सतीश दुआ आदि सदस्यों के सौजन्य से कराया जाएगा। अंत्येष्टि स्थल परिसर की सफाई कार्य में रो. डॉ. आदित्य अग्रवाल, शिवेंद्र अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, अनुपम गोयल, एसपी सलूजा, सतपाल सिंह चावला, शिवम नंदा, कुलवंत सिंह, डॉक्टर पुलकित माहेश्वरी, अक्षय माहेश्वरी, सौरभ माहेश्वरी, सत्येंद्र चौधरी ,मनीष गर्ग, डॉक्टर राजमोहन सिंह आदि ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। क्लब के अध्यक्ष सरदार गगनदीप सिंह चावला, सचिव सरदार गुरदीप सिंह चावला व कोषाध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी का कहना है कि इस संसार में मृत्यु एक अटल सत्य है सभी को अंतिम यात्रा पर इसी स्थान पर आना है इसलिए भगवान ने जो हमें अनमोल जीवन दिया है उसका सदुपयोग कर हमें अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए इस कार्य को अंजाम देना है।

# आईरा की नई टीम को सम्मानित किया

**किरतपुर (चिंगारी)।** यहां मोहल्ला शीशग्रान स्थित खोखरा तालाब के पास सोमवार की शाम ऑल दिव्यांग सेवा संगठन के जिला सचिव एवं सरकारी स्टाम्प वेंडर मोहम्मद नदीम तथा उनके साथी आदिल की ओर से आईरा इंटरनेशनल रिपोर्ट्स एसोसिएशन की नई नगर टीम के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान आईरा के जिला सचिव मुसैब सिद्दीकी एवं नवनियुक्त नगर टीम के पदाधिकारियों को डायरी, कलम, फूलमाला और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष डॉ. नरदेव सिंह, नगर उपाध्यक्ष दिव्यम अरोड़ा व प्रशांत चौधरी, मोहम्मद परवेज, नगर महासचिव सलीम राशिद, नगर सचिव आकाश वर्मा, नगर कोषाध्यक्ष हरेंद्र कुमार, मोहम्मद आकिल अली, नगर सचिव अलविरा, सदस्य निदा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



# बाबा टिकैत की जयंती और सुखिया देवी की पुण्यतिथि मनाई



बच्चों को मिठाई बांटते हुए बाबूराम तोमर।

**बिजनौर (चिंगारी)।** भाकियू संस्थापक किसान मसीहा बाबा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत जी की 91वीं जन्म जयंती एवं भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर की दादी सुखिया देवी की 21वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में सुखिया मैमोरियल पब्लिक स्कूल ग्राम खाईखेड़ी में हवन यज्ञ कर स्कूल में पढ़ने आए बच्चों को मिठाई वितरित की गई।

इस अवसर पर भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर ने कहा कि चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत ने भाकियू का विशाल संगठन खड़ा करके शोषण के खिलाफ लड़ना शुरू किया था। इस अवसर पर भाकियू मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, स्कूल वाईस प्रिंसिपल हितेश कुमार, ओमवीर सिंह, ऋषिपाल सिंह, जयपाल सिंह, सत्यपाल सिंह, बलराम सिंह, सतीश राजपूत, बिजेंद्र सिंह, कामेंद्र सिंह, मोहित भटनागर, सौरभ कुमार, काविंदर सिंह आदि भाकियू कार्यकर्ताओं ने बाबा टिकैत और दादी सुखिया देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# बेटे की मौत का डर दिखाकर 70 लाख ठगे

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अंधविश्वास और मौत का भय इंसान से क्या-क्या नहीं करवा देता। धामपुर में बेटे की तबीयत खराब होने का फायदा उठाकर एक परिवार को मौत का डर दिखाया गया। कथित पहाड़ी पंडित और उसके साथियों ने झाड़-फूंक व पूजा के नाम पर परिवार को हरिद्वार समेत कई स्थानों पर ले जाकर करीब 70 लाख रुपये हड़प लिए। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एएसपी ग्रामीण गौतम राय ने बताया कि ग्राम नंगला नैंसी निवासी संदीप कुमार ने शिकायत की थी कि उसके बेटे यक्ष की तबीयत खराब रहने के दौरान परिचित मोनू चौधरी ने उसे एक कथित पहाड़ी पंडित से मिलवाया। इसके बाद यक्ष की जान को खतरा बताकर परिवार को भय और अंधविश्वास में डाल दिया गया। झाड़-फूंक और पूजा के



नाम पर परिवार को दारागंज, हरिद्वार और श्यामपुर कांगड़ी स्थित काली माता मंदिर आदि स्थानों पर ले जाया गया।

आरोप है कि इसी दौरान मकान बेचकर मिले 38 लाख रुपये, पत्नी के जेवरात के करीब 14 लाख रुपये, नौकरी पर 13 लाख रुपये का ऋण तथा पूजा सामग्री के नाम पर करीब पांच लाख रुपये, यानी लगभग 70 लाख रुपये ले लिए गए। इतना ही नहीं, घटना किसी को बताने पर काली माता के प्रकोप से मौत होने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कथित पहाड़ी पंडित संजय शर्मा उर्फ पहाड़ी पंडित, मोनू चौधरी उर्फ देशपाल, यश चौधरी और कोमल सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डिजायर कार और 1.04 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस ने मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी की है।




# डीपीएस बिजनौर के बच्चों ने की रोमांचक यात्रा



**बिजनौर ( चिंगारी )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिजनौर के विद्यार्थियों के लिए अक्टूबर माह की शुरुआत ज्ञान, रोमांच, आनंद और नये अनुभवों से परिपूर्ण रही। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विद्यालय द्वारा विभिन्न शैक्षिक एवं मनोरंजक यात्राओं का आयोजन किया गया।

3 से 8 के विद्यार्थियों के लिए एक अक्टूबर 2026 को द मासाई मारा रिज़ॉर्ट, जिम कॉर्बेट में एक दिवसीय रोमांचक यात्रा का आयोजन किया गया। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण एवं आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस रिज़ॉर्ट में विद्यार्थियों ने प्रकृति की मनोहारी छटा के बीच विभिन्न मनोरंजक एवं साहसिक गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया।

वर्षा नृत्य, तरंग पूल, फैमिली आइलैंड, मल्टी-स्लाइड पूल तथा एक्वा फनल जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं साहसिक गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थियों ने जायंट स्विंग, फ्री फॉल एवं ज़िप लाइनिंग जैसी रोमांचक गतिविधियों का अनुभव किया।

इसी क्रम में कक्षा VI से VIII के विद्यार्थियों के लिए 1 से 3 अक्टूबर 2026 तक आगरा, फतेहपुर सीकरी एवं दिल्ली की तीन दिवसीय शैक्षिक यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं स्थापत्य विरासत से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने ताजमहल, आगरा किला एवं फतेहपुर सीकरी जैसे ऐतिहासिक एवं विश्वविख्यात धरोहर स्थलों का भ्रमण किया। इसके साथ ही दिल्ली में लोटस टेंपल, नेहरू प्लेनेटेरियम एवं प्रधानमंत्री संग्रहालय जैसे महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन किया।

# बब्बू लंगड़ा गैंग का एक और सदस्य गिरफ्तार

**हल्दौर ( चिंगारी )।** पुलिस ने हनी ट्रैप के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पर एक व्यक्ति और उसके परिजनों को झूठे मुकदमे में फंसाने और जेल भिजवाने की धमकी देकर चार लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक मोहल्ला सादात, झालू निवासी इमामुद्दीन ने 18 सितंबर को थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि साजिश के तहत उसके बेटे इसरार और परिवार के सदस्यों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। इसके एवज में चार लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू की। पुलिस ने नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए। वांछित चल रहे इकरार पुत्र मजहर अहमद निवासी मोहल्ला चाहशीरीं, बुल्ला का चौराहा, बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार कुछ अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय का कहना है कि आरोपी का चालान कर दिया गया। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# गुलदार को पकड़ने के लिये पिंजरा लगाया, चोरों ने मुर्गा चुराया

**मंडावर ( चिंगारी )।** मंडावर क्षेत्र के ग्राम सैफपुर खादर उर्फ नारायणपुर में ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग ने गांव के समीप गुलदार को पकड़ने के लिये पिंजरा लगाया था। गुलदार को पिंजरे में लाने के लिए उसमें एक मुर्गा बतौर चारा रखा गया था। योजना थी कि मुर्गे की आवाज सुनकर गुलदार पिंजरे तक पहुंचेगा और उसके अंदर आते ही पिंजरा बंद हो जायेगा और गुलदार पकड़ा जायेगा। लेकिन इस दौरान एक ऐसा मामला सामने आया, जिसने ग्रामीणों को हैरान कर दिया। रात के समय अज्ञात लोग पिंजरे का ताला तोड़कर उसमें रखा मुर्गा ही निकालकर ले गए। गुलदार को पकड़ने के लिए लगाया गया पिंजरा खाली रह गया और मुर्गा गायब हो गया। घटना के बाद गांव में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर पिंजरा लगाने वाली जगह पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है, ताकि गुलदार को पकड़ने का अभियान प्रभावित न हो।



# ..तब घड़ी नहीं, दिल बताता था घर जाने का समय

–नितिन दिनेश कौशिक

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** कभी बचपन में शाम होने का मतलब सिर्फ सूरज का ढलना नहीं होता था, बल्कि दिनभर के खेल का आखिरी दौर शुरू होना होता था। उस समय न हाथ में मोबाइल होता था, न हर बच्चे के पास घड़ी, फिर भी हमें पता होता था कि कब घर लौटना है। घड़ी समय बताती थी, लेकिन घर जाने का समय दिल बताया करता था। मोहल्ले की गलियां ही हमारी खेल की दुनिया थीं। कहीं क्रिकेट चलता था, कहीं कंचों की बाजी लगी होती थी और कहीं बच्चे साइकिल दौड़ा रहे होते थे। समय कब बीत जाता था पता ही नहीं चलता था। आसमान का रंग बदलने लगता, पक्षी अपने घोंसलों की ओर लौटने लगते और घरों से खाने की खुशबू आने लगती। तभी गली में मां की आवाज गूंजती अब घर आ जाओ बहुत हो गया खेलना। मन करता था कि पांच मिनट और खेल लें, लेकिन वे पांच मिनट कब आधा घंटा बन जाते, पता ही नहीं चलता था। उस दौर में खुशियां भी कितनी छोटी और सच्ची थीं। एक टॉफी, बर्फ का गोला, गर्मियों में आम, बारिश में कागज की नाव और सर्दियों की शाम में परिवार के साथ बैठना बस यही तो जिंदगी थी। दोस्तों के साथ बिना किसी खास वजह के घंटों घूमना और फिर घर लौटकर मां के हाथ का खाना खाना इससे बड़ी खुशी शायद कोई थी ही नहीं।

आज हमारे पास समय देखने के लिए घड़ी है और समय बिताने के लिए मोबाइल भी है, लेकिन शायद वह सुकून नहीं है जो उन शामों में हुआ करता था। आज बच्चे मैदान में कम और स्क्रीन पर ज्यादा नज़र आते हैं। दोस्त पास बैठकर बातें कम और मोबाइल पर व्यस्त ज्यादा दिखाई देते हैं। जिंदगी की भागदौड़ में हम बड़े तो हो गए, लेकिन कहीं न कहीं वह बच्चा आज भी हमारे भीतर मौजूद है जो शाम होते ही दोस्तों को आवाज लगाता था और मां की पुकार सुनकर घर की ओर दौड़ पड़ता था। शायद जिंदगी की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि जिस बचपन को हम जल्दी खत्म करना चाहते थे बड़े होकर उसी बचपन को सबसे ज्यादा याद करते हैं। काश कभी ऐसी शाम फिर लौट आए जिसमें न कोई चिंता हो न जल्दी। बस दोस्त हों और खुला आसमान हो और दूर से आती मां की वही आवाज, बहुत खेल लिए अब घर आ जाओ। शायद तब समझ आएगा कि बचपन सिर्फ जिंदगी की एक उम्र नहीं थी, बल्कि जिंदगी का सबसे खूबसूरत एहसास था।



फाइल फोटो।

## अब कौन कहेगा- बहुत देर हो गई घर आ जा

**आज वही मां इस दुनिया में नहीं रही, जिसकी आवाज कभी गली में हमारे घर लौटने का इंतजार करती थी। बचपन में हम खेल में इतने खो जाते थे कि मां की पुकार पर भी घर आने का मन नहीं करता था। तब कहां पता था कि एक दिन ऐसा भी आएगा जब वही आवाज हमेशा के लिए खामोश हो जाएगी और हम चाहकर भी उसे दोबारा सुन नहीं पाएंगे। कभी जिसके इंतजार में हम घर लौटते थे, आज उसी मां की यादों के सहारे घर लौटना पड़ रहा है। तब मां की आवाज हमें घर बुलाती थी और आज मन करता है कि वक्त पीछे लौट जाए मां बस एक बार फिर सामने बैठी हो और उसी तरह आवाज दे कि बेटा, बहुत देर हो गई है अब घर आ जाओ। जब मन के अंतिम पड़ाव पर श्रीमती जी ने मां के हाथ से फल और सामान छुआकर दान किया था तो उस पल को याद कर मन भीतर तक भर आया। आंखों के सामने मां का चेहरा और कानों में उसकी वही आवाज गूंजती रही। बस फर्क इतना है कि अब घर में लौटने पर मां नहीं होगी, उसकी आवाज नहीं होगी और वह इंतजार भी नहीं होगा।**

# कैसे गुज़ारा करते हैं मोची ये बात किसी ने नहीं सोची

–मनोज कात्यायन

धामपुर (चिंगारी)। खुले आसमान के नीचे धूप से बचने के लिए छतरी लगाकर अपने ठीए पर बैठे हुए पवन कुमार की तीन पीढ़ियां लगातार टूटे हुए जूते-चप्पलों की मरम्मत (मोची) का काम करके महंगाई के इस दौर में जैसे-तैसे अपने परिवार की गुजर बसर कर रहे हैं।

समीपवर्ती ग्राम जैतरा निवासी पवन कुमार ने बताया कि लगभग 50 वर्षों से उनके परिवार में मोची का कार्य किया जा रहा है।

उनके दादा जी जम्मा सिंह ने सर्वप्रथम मोची का काम पंजाबी मार्केट के मोड़ पर खाली पड़े हुए स्थान पर शुरू किया था। उनकी मौत होने के बाद उनके पिता जी वीर सिंह उर्फ भगत जी नारायण ने भी इसी स्थान पर बैठकर मोची का कार्य किया था। उन्होंने बताया कि मैं अशिक्षित हूं इसलिए पहले ट्रांसपोर्ट पर मजदूरी का कार्य करने लगा, परंतु स्वास्थ्य कारणों से इस काम को छोड़कर मैं भी पिताजी के बाद इसी कार्य को करने लगा। पवन कुमार ने बताया कि उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और तीन बेटियां हैं जिनमें से एक बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि दो बेटियों को इंटरमीडिएट की पढ़ाई करने के बाद गुंजाइश न होने के कारण पढ़ाई छोड़कर घर पर ही बैठा लिया है, जबकि बेटा सातवीं क्लास में पढ़ रहा है।



छतरी लगाकर बैठे हुए पवन कुमार चमार मोची

पवन कुमार का कहना है कि महंगाई के इस दौर में उनकी प्रतिदिन 300-400 की ही मजदूरी हो पाती है। उन्होंने बताया कि मोची का काम करना बहुत दुश्वार है, क्योंकि समाज के सबसे गरीब वर्ग से आने वाले मोची को कोई भी अपनी दुकान के पास बैठने नहीं देता, यह ठीया भी मेरा पुश्तैनी है इसी कारण मैं यहां पर कार्य कर पा रहा हूं। पवन कुमार का कहना है कि कोई भी नेता या सरकार मोची का काम करने वाले सबसे गरीब लोगों के बारे में नहीं सोचती।

**बता दें कि कुछ साल पहले धामपुर में अनेक स्थानों पर मोची मिल जाते थे, परंतु अब धामपुर में मुश्किल से आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर ही मोची का काम करने वाले व्यक्ति बैठ रहे हैं, जिनमें से पंजाबी मार्केट, बड़ी मंडी, मोहल्ला बाडवान, होली चौक, पुराना धामपुर की चुंगी, मछली बाजार, नगीना चौराहा आदि स्थानों पर ही आपको मोची मिल पाएंगे यदि दुर्भाग्य वश आपकी चप्पल, जूता, सैंडल टूट जाता है तो घर से उसे थैले में रखकर इन्हीं स्थानों पर आप ठीक कराने ले जायेंगे।**

# कम्युनिटी रेडियो एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने की रेडियो संदेश बिजनौर की विजिट

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कम्युनिटी रेडियो एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों, सर्वश्री आलोक सिंह, अध्यक्ष (स्वामी/ सेक्रेटरी रेडियो अंबेडकर, अंबेडकर नगर), सामंत शेखरी (सेक्रेटरी हिंट रेडियो एवं मीडिया ग्रुप गाजियाबाद) एवं श्री प्रताप राय, ट्रेजरर (स्वामी सेक्रेटरी/रेडियो हेलो बनारस) ने रेडियो संदेश बिजनौर ( प्रवर्तक कुंवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज) की विजिट की एवं सचिव स्वाति वीरा महाजन निदेशक डॉ. अमित कुमार बंसल से कम्युनिटी रेडियो के विकास एवं प्रचार-प्रसार के विषय में विस्तार से वार्ता की और प्रदेश में कम्युनिटी रेडियो स्टेशन की पहचान एवं सरकारी विभागों में और समाज में रेडियो की उपयोगिता को बढ़ाने और जन-जन तक पहुंचाने हेतु और अधिक प्रभावी एवं अथक प्रयासों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर रेडियो स्टेशन हेड सुनील भारद्वाज, सदस्य सारिका चौधरी, प्रभाकर शर्मा आदि उपस्थित रहे।





## सूचना

मैंने व मेरी पत्नी बातूल बेगम ने अपनी पुत्री शमा परवीन को जो हमारे साथ आएदिन गाली गलौज व मारपीट व अभद्र व्यवहार करती है तथा गलत संगत में पड़ चुकी है, मैंने व मेरी पत्नी बातूल बेगम ने इसे समझाने की काफी कोशिश की, परंतु यह मानने को तैयार नहीं है। मैं वह मेरी पत्नी बातूल बेगम इसके इस तरह के व्यवहार से तंग आकर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए शमा परवीन से अपने सारे संबंध विच्छेद करते हैं। आज के बाद से मेरा या मेरी पत्नी बातूल बेगम व मेरे चारों पुत्रों का इनसे कोई मतलब वास्ता नहीं रहेगा। इसके द्वारा किए गए जो भी अच्छे-बुरे कार्य होंगे, उसके यह स्वयं जिम्मेदार होगी!

अब्दुल रहीम पुत्र ज़मीर अहमद निवासी मोहल्ला नायक सराय कस्बा थाना व परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

## सूचना

मैंने व मेरी पत्नी ने अपने पुत्र रवि कुमार व उसकी पत्नी ममता देवी को जो हमारे साथ आएदिन गाली गलौज व मारपीट व अभद्र व्यवहार करते हैं तथा गलत संगत में पड़ चुके हैं, मैंने व मेरी पत्नी ने इन्हें समझाने की काफी कोशिश की, परंतु यह मानने को तैयार नहीं है मैं व मेरी पत्नी इनके इस तरह के व्यवहार से तंग आकर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए पुत्र रवि कुमार व उसकी पत्नी ममता देवी से अपने सारे संबंध विच्छेद करते हैं। आज के बाद से मेरा या मेरी पत्नी का इनसे कोई मतलब वास्ता नहीं रहेगा। इनके द्वारा किए गए जो भी अच्छे-बुरे कार्य होंगे, उसके यह स्वयं जिम्मेदार होंगे!

**–समरपाल सिंह पुत्र सौनाथ सिंह निवासी ग्राम हिदायतपुर थाना व परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**

## कुत्तों को आदमखोर गुलदार से बचाने के लिए ग्रामीणों ने निकाली अनोखी तरकीब

# कुत्तों की गर्दन में बांधी नुकीली बेल्ट

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आदमखोर गुलदार के आतंक से इंसानों के साथ-साथ बेजुबान जानवरों की जिंदगी भी खतरे में है। गुलदार के हमलों से कुत्तों को बचाने के लिए शिवाला कलां क्षेत्र के ग्राम सेला में ग्रामीणों ने अनोखी तरकीब निकाली है। उन्होंने गांव के कुत्तों की गर्दन में नुकीली बेल्ट बांध दी है। ग्रामीणों का मानना है कि इससे गुलदार कुत्तों की गर्दन पर हमला नहीं कर पाएगा।

मालूम हो कि जनपद में वर्ष 2023 से अब तक गुलदार के हमलों में करीब 40 लोगों की जान जा चुकी है। वन विभाग की ओर से लगातार सुरक्षा और निगरानी के इंतजाम किए जा रहे हैं, इसके बावजूद गुलदार की दहशत बरकरार है। गुलदार इंसानों के साथ ही पशुओं और कुत्तों को भी शिकार बना रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार गुलदार आमतौर पर शिकार की गर्दन पर हमला करता है। इसी को ध्यान में रखते हुए गांव के कुछ कुत्ते प्रेमियों ने उनकी गर्दन में नुकीली बेल्ट बांधनी शुरू की है। ग्रामीणों का कहना है कि जिन कुत्तों की गर्दन में बेल्ट बांधी गई है, वे गुलदार के हमलों से सुरक्षित हैं। ग्रामीणों की यह तरकीब क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

इस संबंध में वन विभाग के रेंजर महेश गौतम ने बताया कि गुलदार, इंसान हो या जानवर, आमतौर पर गर्दन पर ही वार करता है। ऐसे में कुत्तों की गर्दन में नुकीली बेल्ट बांधने से गुलदार के लिए गर्दन पर हमला करना मुश्किल हो सकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की यह तरकीब कुत्तों को गुलदार के हमले से बचाने में कारगर साबित हो सकती है। नुकीली बेल्ट देखकर गुलदार कुत्ते पर हमला करने से पीछे भी हट सकता है।



### संवेदनशील गांवों में बढ़ाई निगरानी

रेंजर महेश गौतम ने बताया कि वन विभाग ने बिजनौर के संवेदनशील और हॉटस्पॉट घोषित गांवों में निगरानी बढ़ा रखी है। संवेदनशील क्षेत्रों में पिंजरे लगाए गए हैं। गुलदारों को लुभाने के लिए पिंजरों में मुर्गे या बकरे बांधे जाते हैं। इन पिंजरों में कई गुलदार पकड़े भी जा चुके हैं।

इसके अलावा जंगलों और रास्तों पर गुलदारों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए नाइट-विजन ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। वन विभाग की सशस्त्र गश्ती टीमें और वन रक्षक प्रभावित इलाकों में नियमित रूप से गश्त और कॉम्बिंग ऑपरेशन कर रहे हैं। आपात स्थिति से निपटने के लिए टीमों के पास ट्रैंकुलाइजर गन भी उपलब्ध हैं। वन रेंजर ने लोगों से जंगल और खेतों की ओर अकेले न जाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि काम करते समय पांच से छह लोगों के समूह में रहें। मोबाइल पर तेज आवाज में गाने बजाने, आपस में बातचीत करने या आवाजें निकालने से गुलदार को इंसानों की मौजूदगी का पता चल जाता है और वह दूर रहने की कोशिश करता है। उन्होंने बताया कि गुलदार तड़के सुबह करीब चार से सात बजे और शाम ढलने के बाद करीब पांच से आठ बजे के बीच अधिक सक्रिय रहते हैं। इसलिए इन समयों में खेतों में जाने से बचें और बच्चों व बुजुर्गों को अकेले घर से बाहर न जाने दें।

### वन विभाग ने इसे कारगर बताया



## कल से आयोजित होगी 70 वीं माध्यमिक विद्यालयीय जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता

**बिजनौर ( चिंगारी )।** 70 वीं माध्यमिक विद्यालयीय जनपदीय क्रीड़ा समारोह के संयोजक एवं आरजेपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने बताया कि 7 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2026 तक नेहरू स्टेडियम बिजनौर में 70 वीं माध्यमिक विद्यालयीय जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रात: 11 बजे मुख्य अतिथि जिला अधिकारी उमेश प्रताप सिंह करेंगे। संयोजक गय्यूर आसिफ ने कहा कि तीन दिवसीय प्रतियोगिता में जनपद के सभी क्षेत्रों के विजयी एथलीट्स प्रतिभाग करेंगे। सभी प्रतिभागी समय से अपने खेल प्रभारी के साथ नेहरू स्टेडियम में उपस्थित होने का कार्य करेंगे। गय्यूर आसिफ ने कहा कि जनपद के विभिन्न विद्यालयों के व्यायाम शिक्षक सदैव जिला स्तरीय आयोजन को पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण प्रभाव से सफलतापूर्वक आयोजित करने में सहयोग करते रहे हैं। इस वर्ष भी जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सक्सेना के निर्देशन में सभी व्यायाम शिक्षकों, अध्यापकों, प्रधानाचार्यों के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास प्रकट करते हुए कहा कि सबके सामूहिक सहयोग से 70वीं प्रतियोगिता भी सफलतापूर्वक आयोजित की जाएगी।

**प्रतियोगिता का उद्घाटन होगा प्रात: 11 बजे**

## मायावती ने आकाश आनंद को फिर दी बड़ी जिम्मेदारी, राष्ट्रीय संयोजक बनाया

**लखनऊ ( चिंगारी )।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी में फिर से बड़ी जिम्मेदारी देते हुए उन्हें बसपा का राष्ट्रीय संयोजक (नेशनल कोऑर्डिनेटर) नियुक्त किया है। सुश्री मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि जैसा कि सर्वविदित है कि परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर व उनके परम अनुयायी मान्यवर श्री कांशीराम जी का देश भर में बहुजन-हित हेतु जबरदस्त त्याग-तपस्या, आजीवन कड़ा संघर्ष व उनके उच्च आदर्श हमेशा ही प्रेरणा के स्रोत रहे हैं, जिस पर चलकर ही बी.एस.पी. ने देश की राजनीति में अभूतपूर्व सफलतायें अर्जित की हैं।

## 'हरियाली से खुशहाली' अभियान से जुड़ी विवेक यूनिवर्सिटी

### छात्रों को वितरित किये पौधे

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिले को हरा-भरा बनाने को भाकियू अराजनैतिक ने हरियाली से खुशहाली अभियान शुरू किया है। भाकियू अ के इस अभियान से विवेक यूनिवर्सिटी भी जुड़ गई है। किसान नेता दिगम्बर सिंह, डीपीआरओ डा. प्रीतम सिंह और कुलाधिपति चांसलर अमित कुमार गोयल के नेतृत्व में यूनिवर्सिटी के 320 विद्यार्थियों को पौधे वितरण किए गए। विद्यार्थियों ने पौधे लगाने व पालन-पोषण और देखभाल का संकल्प लिया। कुलाधिपति अमित कुमार गोयल ने भी पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर एक पौधा लेकर उसके संरक्षण की जिम्मेदारी ली।

सोमवार को विवेक यूनिवर्सिटी में चौधरी दिगंबर सिंह और विवेक यूनिवर्सिटी के चांसलर अमित गोयल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विवेक यूनिवर्सिटी के लॉ विभाग में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी प्रीतम सिंह मुख्य अतिथि रहे। राजीव चौधरी डीन स्कूल ऑफ लॉ के विशेष सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में विवेक विश्वविद्यालय चांसलर अमित कुमार गोयल और डीपीआरओ प्रीतम सिंह, दिगम्बर सिंह ने विद्यार्थियों को सागौन, आम, अमरूद, पीपल, बरगद और सहजन सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे वितरित किए। डीपीआरओ प्रीतम सिंह ने पौधे वितरित करते हुए कहा कि किसान नेता दिगम्बर सिंह ने शानदार पहल की है।



### पोर्टल पर अमर हो जाएगा पौधारोपण करने वाले का नाम- दिगम्बर सिंह

**भाकियू अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगम्बर सिंह ने बताया कि बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत की जयंती से एक दिन पहले विवेक कॉलेज में 320 विद्यार्थियों को पौध वितरित की गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा जनपद को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत में पीपल और बरगद सहित अन्य पौधे लगाने का अभियान चलाया जा रहा है। संगठन ने बिजनौर-चांदपुर मार्ग पर विदुर कुटी के समीप नहर किनारे 'चौधरी चरण सिंह वन' भी विकसित किया है। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर पौधारोपण करने वाले का नाम अमर हो जाएगा।**

### पवित्र अभियान का हिस्सा बन हो रही खुशी: अमित गोयल

विवेक यूनिवर्सिटी के चांसलर अमित गोयल ने दिगम्बर सिंह के इस अभियान और इस संकल्प को पवित्र संकल्प बताते हुए कहा कि इससे पवित्र काम और नहीं हो सकता और हमारा सौभाग्य है कि विवेक यूनिवर्सिटी भी आज इस अभियान का हिस्सा बनी है। इस अभियान का हिस्सा बनने में हमें अत्यंत खुशी महसूस हो रही है। चांसलर अमित गोयल ने मंच से किसान नेता दिगम्बर सिंह के इस हरियाली से खुशहाली अभियान की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे बेहतर काम कोई दूसरा नहीं हो सकता। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली की दवा से अच्छी बिजनौर की हवा है। हवा को स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है।

### यह रहे मौजूद

भाकियू अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगम्बर सिंह, जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही, नितेन्द्र प्रधान, अतुल कुमार बालियान, कपिल कुमार, मुकुल जटलान आदि मौजूद रहे।

# विग पहनकर मोटरसाइकिल चुराता था हिस्ट्रीशीटर

**बिजनौर (चिंगारी)। अफजलगढ़ थाना पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई यामाहा मोटरसाइकिल बरामद की है। इसके अलावा एक काले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है, जिसे पेट्रोल डालकर जलाया गया था।**

एसपी केके विश्नोई ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि मानियावाला निवासी मौ. विशाल की यामाहा मोटरसाइकिल चार अक्टूबर की रात घर के बाहर से चोरी हो गई थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और चोरी की वारदात में शामिल सोनू उर्फ सोहेल पुत्र शमीम निवासी डूडा कॉलोनी, अफजलगढ़ को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी अफजलगढ़ थाने का हिस्ट्रीशीटर है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपनी पहचान छिपाने के लिए नकली बालों की विग पहनकर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। उसने दो दिन पहले नैनीताल के रामनगर थाना क्षेत्र से काले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल चोरी की थी। पहचान छिपाने के उद्देश्य से उसने चोरी में इस्तेमाल की गई उस बाइक को पेट्रोल डालकर जला दिया था। इसके बाद चार अक्टूबर की रात उसने मानियावाला निवासी विशाल की यामाहा मोटर साइकिल चोरी की।

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर यामाहा मोटरसाइकिल बरामद कर ली। साथ ही जली हुई अपाचे बाइक भी बरामद की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट और चोरी सहित विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।



## निशा कौशिक के निधन से पत्रकारों में शोक



**बिजनौर (चिंगारी)।** अफजलगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार एवं रामलीला कमेटी के अध्यक्ष नितिन कौशिक की माताजी के निधन से जिले के पत्रकारों में शोक व्याप्त है। श्रीमती निशा कौशिक ने लगभग 75 वर्ष की आयु में गत एक अक्टूबर को अंतिम सांस ली। उनका तेरहवीं संस्कार 8 अक्टूबर, बृहस्पतिवार को होगा। पगड़ी की रस्म व शोकसभा दोपहर 2 बजे रामलीला ग्राउंड अफजलगढ़ में होगी। स्योहारा निवासी प्रसिद्ध समाजसेवी डा. मनोज वर्मा, डा. जेपी शर्मा, पूर्व विधायक नईमुल हसन, संजय जैन, वरिष्ठ पत्रकार कांताप्रसाद पुष्पक, अश्मनी विश्नोई, रियाजुल हक प्रिंस, शारिक जैदी, एनएच बजेटा, अन्नू विश्नाई, चमन भारद्वाज आदि ने श्रीमती निशा कौशिक के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति की कामना की है।






# बिजनौर जेल पर हुए हत्याकांड में दो को आजीवन कारावास

**बिजनौर (चिंगारी)। द्वितीय फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश डॉ. शहजाद अली ने जिला कारागार बिजनौर के मुख्य गेट पर तीन वर्ष पूर्व हुए चर्चित गोलीकांड के सनसनीखेज मामले में फैसला सुनाते हुए दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।**



सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद शर्मा एवं अजीत पवार के अनुसार न्यायालय ने अभियुक्त रौनक पुत्र धर्मेन्द्र निवासी हीमपुर दीपा और साजिश रचने वाले हर्षित चिकारा पुत्र कपिल निवासी कुतुबपुर गढ़ी, थाना हीमपुर दीपा को दोषी ठहराया था। 30 जून 2023 को रात करीब 8.15 बजे जिला कारागार से मुल्जिम राजन पुत्र नरपाल रिहा होकर बाहर आया था। आरोप था कि पुरानी रंजिश में हर्षित चिकारा ने उसकी हत्या के लिए रौनक और विशाल शर्मा को जेल गेट पर भेजा था। दोनों ने राजन को घेरकर तमंचों से फायरिंग कर दी। बीच-बचाव में आए हेड वार्डन रंजीत सिंह घायल हो गए, जबकि रौनक की दूसरी गोली राजन को न लगकर उसके अपने ही साथी विशाल शर्मा पुत्र दीपक शर्मा की छाती में लग गई, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में द्वितीय फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश डॉ. शहजाद अली ने अपराध सिद्ध होने पर अभियुक्त रौनक ओर हर्षित चिकारा को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और बीस बीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। धारा 307 के तहत तीन-तीन वर्ष कठोर कारावास और दस-दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है,जबकि रौनक को आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत तीन वर्ष कठोर कारावास और दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# बिजनौर में वाहनों की नई पंजीयन सीरीज यूपी 20 डीसी शुरू

## फैंसी नंबर के ऑक्शन और च्वाइस नंबर की बुकिंग भी होगी

**बिजनौर (चिंगारी)। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ने बताया कि उपसंभागीय परिवहन कार्यालय, बिजनौर में निजी वाहनों के पंजीयन के लिए आवंटित सीरीज यूपी 20 डीबी 4 अक्टूबर को समाप्त हो गई। इसके बाद निजी वाहनों के पंजीयन के लिए नई सीरीज यूपी 20 डीसी सोमवार, 5 अक्टूबर से शुरू कर दी गई है। एआरटीओ कार्यालय की ओर से नई सीरीज के तहत फैंसी नंबरों के ऑक्शन और च्वाइस नंबरों की बुकिंग के लिए सूचना जारी की गई है। वाहन स्वामियों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत नंबरों की बुकिंग और ऑक्शन में भाग लेने का अवसर मिलेगा।**

# के.एस. चिल्ड्रेन्स अकेडमी में शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर कार्यशाला आयोजित

**कोतवाली (चिंगारी)।** के.एस. चिल्ड्रेन्स अकेडमी में शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को केंद्रित करते हुए सी.बी.एस.ई द्वारा Mental Health and Wellness Among Students विषय पर एक ज्ञानवर्धक एवं जागरूकतापूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में के.एस. चिल्ड्रेन्स अकेडमी के शिक्षकों के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों वी.एस.डी पब्लिक स्कूल, डी.पी.एस., ओम इंटरनेशनल स्कूल, आर.पी.एस., ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, गोयल पब्लिक स्कूल, पी.डी.एम कॉन्वेंट, होली एंजेल, एस.एम. अकेडमी से आए शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में की रिसोर्स पर्सन श्रीमती अनिता सिवाच व श्रीमती शीतल माहेश्वरी ने अपने अनुभव एवं विशेषज्ञ विचार साझा किये।



कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह द्वारा दोनों रिसोर्स पर्सन्स का प्लांटर भेंट कर स्वागत करने के साथ हुआ, जिसके पश्चात दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यशाला के दौरान मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, भावनात्मक कल्याण, तनाव प्रबंधन, चिंता एवं भय से निपटने, आत्म-सम्मान एवं आत्मविश्वास, माइंड फुलनेस, स्वस्थ जीवनशैली, डिजिटल वेलबीइंग, सकारात्मक संबंधों, बुलिंग की रोकथाम, शिक्षक की भूमिका तथा काउंसलिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

रिसोर्स पर्सन्स ने बताया कि शिक्षकों का मानसिक एवं भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहना उनके व्यक्तिगत जीवन के साथ-साथ विद्यार्थियों के शैक्षिक एवं भावनात्मक विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, विद्यार्थियों के व्यवहार में होने वाले बदलावों को संवेदनशीलता से समझने, उन्हें सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण प्रदान करने तथा आवश्यकता पड़ने पर उचित काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन देने में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को अपने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाने तथा विद्यार्थियों के लिए एक सुरक्षित, संवेदनशील और सकारात्मक शैक्षिक वातावरण के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा।

# हमलावरों ने किये थे दो फ़ायर मुक़दमा किया हल्की धारा में दायर

## थानाध्यक्ष ने तहरीर बदलवाई खुद बोलकर दूसरी लिखवाई

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** 30 सितंबर को ग्राम तिसोतरा के जंगल में घटी मारपीट की घटना में पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर शिकायत की है कि हमलावरों ने उसके ऊपर दो फायर भी किये थे, मगर थानाध्यक्ष ने तहरीर बदलवा दी और खुद बोलकर दूसरी तहरीर लिखवा ली, जिसमें फायरिंग की घटना को हटवा दिया गया है।

नांगल थानांतर्गत ग्राम तिसोतरा निवासी मुनेश्वर उर्फ मोनू पुत्र टीटू ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक से मिलकर उन्हें एक प्रार्थना-पत्र सौंपा। प्रार्थना-पत्र में कहा गया है कि गत 30 सितंबर की सुबह लगभग 7 बजे जब वह अपनी स्कूटी से चारा काटने खेत पर जा रहा था, तो रास्ते में उसे तीन मोटरसाइकिलों पर सवार 6 नकाबपोश व्यक्तियों ने रोक लिया था और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू की थी। एक हमलावर ने तमंचे से उसके ऊपर दो फायर भी किये थे, जिससे वह बाल-बाल बचा था। एक हमलावर की पहचान उसने अंकित सैनी निवासी इनामपुरा, थाना मंडावर के रूप में की थी, जो तिसोतरा में स्थित देशी शराब की दुकान पर रहता है।

मुनेश्वर उर्फ मोनू का आरोप है कि जब वह तहरीर लेकर थाने पहुंचा, तो थानाध्यक्ष ने उसे अपनी बातों में लेकर तमंचे से फायरिंग वाली लाइन हटवाते हुए खुद बोलकर दूसरी तहरीर लिखवा ली और कहा कि बाद में वह दूसरी तहरीर ले लेंगी। मुनेश्वर का आरोप है कि थानाध्यक्ष ने बदलवाई गई तहरीर के आधार पर ही 3 अक्टूबर को मुकदमा दर्ज कर अपराध का अल्पीकरण कर दिया तथा मुख्य आरोपी अंकित का धारा 170, बीएनएसएस में चालान कर दिया। जबकि उसके दाएं हाथ में फ्रैक्चर आया है। मुनेश्वर ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि उसके आरोपों की पुष्टि थाने के सीसीटीवी कैमरे भी कर सकते हैं। दर्ज किये गये मुकदमे से उसे न्याय नहीं मिला है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने घटना की जांच अपर पुलिस अधीक्षक ( नगर ) डा. कृष्ण गोपाल सिंह को सौंपी है। थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी ने बताया कि पीड़ित पक्ष ने खुद अपनी मर्जी से तहरीर लिखकर उन्हें सौंपी थी। उन पर बोलकर तहरीर लिखवाने और फायरिंग की घटना हटवाने के गलत आरोप लगाये जा रहे हैं।

### कार्यवाही होगी- एएसपी

**शिकायत की जांच की जा रही है। इस प्रकरण में कार्यवाही की जायेगी।**

**- डा. कृष्ण गोपाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ( नगर ), बिजनौर**

# बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर यातायात पुलिस का शिकंजा

## विशेष चैकिंग अभियान चलाकर 243 वाहन चालकों के चालान



**बिजनौर ( चिंगारी )।** पुलिस अधीक्षक, जनपद बिजनौर के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा सोमवार को बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष एवं सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले चालकों को चेक करते हुए नियमानुसार चालान की कार्रवाई की। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के साथ ही हेलमेट के महत्व के प्रति जागरूक किया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम करने तथा वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### पीछे बैठने वाले को भी पहनायें हेलमेट

**यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि दोपहिया वाहन चलाते समय चालक स्वयं हेलमेट पहनने के साथ-साथ पीछे बैठने वाले व्यक्ति को भी हेलमेट अवश्य पहनाएं। हेलमेट का प्रयोग स्वयं और परिवार की सुरक्षा के लिए करें तथा यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित यात्रा करें।**

# आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण लेकर महिलाएं बनेंगी जागरूकता की वाहक



## तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में जनजागरूकता और क्षमता विकास के उद्देश्य से सिटी बैंक्विट हॉल में तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह के निर्देश पर आयोजित कार्यशाला में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को आपदा से पहले की तैयारियों और आपदा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण 7 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यशाला में भूकंप, बाढ़, अग्निकांड, आकाशीय बिजली समेत प्राकृतिक व मानवजनित आपदाओं से बचाव, राहत और प्राथमिक प्रतिक्रिया की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य, अग्निशमन और जिला आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों व मास्टर ट्रेनरों ने महिलाओं को प्राथमिक उपचार, आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया और स्थानीय संसाधनों के प्रभावी उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को आपदा जोखिम न्यूनीकरण और सामुदायिक स्तर पर राहत-बचाव की तैयारियों में सक्रिय भागीदार बनाना है। आगामी दो दिनों में भी विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि महिलाएं अपने क्षेत्रों में आपदा जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंचा सकें। इस अवसर पर आपदा विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. प्रतीक, अग्निशमन विभाग के अधिकारी समेत अन्य विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरुक किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद बिजनौर के तत्वावधान में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनलाभकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लखनऊ से आए कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी और उन्हें इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।




कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद बिजनौर की अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने की तथा मंच का सफल संचालन गौरव धीमान ने किया। इस अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की मंशा है कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक अनिवार्य रूप से पहुंचे और यही इस नुक्कड़ नाटक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।

जागरूकता अभियान के तहत लखनऊ से आए 10 सदस्यीय कलाकार दल ने बेहद रोचक और ज्ञानवर्धक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कलाकारों ने अभिनय के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वरोजगार और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं को सरल भाषा में समझाया, जिसे स्थानीय नागरिकों ने खूब सराहा।

इस मौके पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रामपाल सिंह, अवर अभियंता (जलकल) गौरव शर्मा, अवर अभियंता (सिविल) यशवंत कुमार तथा कर निरीक्षक सुंदरलाल उपस्थित रहे। इनके साथ ही सभासद मनी चौधरी, नीरज शर्मा, हितेश सैनी, हिंमाशू, राजू अग्रवाल एवं अवनीश निगम सहित भारी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

# छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के जरिए योजनाओं की जानकारी दी

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राजकीय नवरत्न इंटर कॉलेज रेहड़ व एचसीएम इंटर कॉलेज कासमपुर गढ़ी की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। रेहड़ में छात्राओं द्वारा बस स्टैंड और थाना प्रांगण में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति पर ग्रामीणों ने छात्राओं सुहाना, सानिया, रोशनी, गुंजन व अदीबा की प्रस्तुति की प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विशंभर सिंह सहित भूपेंद्र कुमार, कमलदीप सिंह, निकिता ठाकुर व मीनाक्षी आदि शिक्षक मौजूद रहे।



उधर एचसीएम इंटर कॉलेज द्वारा इस अभियान के तहत आयोजित नुक्कड़ नाटक में लक्षिता, हिमानी व देव कुमार आदि छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान प्रधानाचार्य रमेश चक्रवर्ती व उपप्रधानाचार्य छत्रपाल सिंह सहित शिक्षकों महेश कुमार, विपिन कुमार एड., गौरव कुमार, रामकुमार सिंह, राजबहादुर सिंह, नाजिश परवीन, लवकुश कुमार, दिग्विजय सिंह, परवेंद्र शर्मा व ज्योति चौहान आदि की उपस्थिति रही।

# प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें - ओम कुमार



**नहटौर ( चिंगारी )। विधानसभा क्षेत्र नहटौर के ग्राम फुलसंदा खाकम एवं नन्नू शेरपुर में श्री आदर्श रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मंचन का विधायक ओम कुमार ने भाजपा पदाधिकारियों एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में फीता काटकर शुभारंभ किया।**

इस अवसर पर विधायक ओम कुमार ने कहा कि रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रभु श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, सत्य और धर्म का संदेश समाज तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। प्रभु श्रीराम का जीवन हमें विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य एवं धर्म के मार्ग पर चलने और अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने की प्रेरणा देता है। रामलीला जैसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने के साथ ही समाज में संस्कार, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। इस दौरान रामलीला समितियों के पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों ने विधायक ओम कुमार का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख नहटौर राकेश चौधरी, रामलीला कमेटी नन्नू शेरपुर के अध्यक्ष पुष्कर सिंह, रामलीला कमेटी फुलसंदा खाकम के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, चंद्रशेखर राजपूत, भाजपा नहटौर मंडल महामंत्री कुलवीर चौधरी, डॉ. अर्जुन शर्मा, पूर्व प्रधान संजीव कुमार, मुरली मनोहर गहलौत, विजयपाल सिंह, वैभव कुमार, गौरव चौधरी, विनय चौधरी, सोनू कश्यप, अनु कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।



# अधिक से अधिक प्रोफेशनल्स को रालोद से जोड़ने का संकल्प

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय लोकदल प्रोफेशनल मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। मंच के सचिव सीए चंचल चिकारा ने मंच के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रविकांत चड्ढा से संगठन के विस्तार और उसे अधिक मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की। बैठक में सीए संजय द्विवेदी पटना, सीए शैलेंद्र अग्रवाल बुलंदशहर, सीए रौनक गुप्ता कानपुर, सीए राजेश दुआ बिजनौर, सीए नितिन अग्रवाल दिल्ली, एडवोकेट मिशिका देशवाल बिजनौर, एडवोकेट तोमर बागपत आदि उपस्थित रहे। बैठक में अधिक से अधिक प्रोफेशनल्स को मंच से जोड़ने तथा इसे मजबूत एवं प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श हुआ। साथ ही केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री चौधरी जयन्त सिंह के नेतृत्व में युवाओं को रोजगार के अवसर दिलाने तथा राष्ट्र निर्माण के प्रयासों को मजबूती प्रदान करने में प्रोफेशनल समुदाय की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई।

# 10 वर्षीय बच्ची ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का सहज पाठ प्रारंभ किया

**खासपुरा ( चिंगारी )।** खासपुरा गांव में आस्था का सुंदर दृश्य देखने को मिला, जहां मात्र 10 वर्ष की बच्ची श्री गुरु ग्रंथ साहिब की चरणी लगी। पत्रकार हरमन्दर सिंह व श्रीमती मनिंदर कौर की सुपुत्री मनसिमरत कौर गुड्डो ने गुरुद्वारा गुरु नानक चौक खासपुरा में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का सहज पाठ प्रारंभ किया है। गुरु घर के वजीर चरणजीत सिंह ने बच्ची को गुरु साहिब की चढ़ने लगाकर जपजी साहिब का पाठ प्रारंभ कराया। परिवार ने बताया कि गुरु महाराज की असीम कृपा से बच्ची का बचपन से ही गुरबाणी की ओर लगाव है। सहज पाठ प्रारंभ होने पर घर में खुशी का माहौल है। गांव की साध संगत व गुरुद्वारे के प्रधान चरणजीत सिंह, महिपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह नीटू, चरणजीत सिंह ने बच्ची को शुभकामनाएं दीं और उसके उज्वल भविष्य के लिए अरदास की।



# महापंचायत की सफलता के लिए रणनीति बनाई




**नूरपुर ( चिंगारी )।** आगामी 21 अक्टूबर को बिजनौर में आयोजित होने वाली भारतीय किसान यूनियन टिकैत की महापंचायत की सफलता के लिए पदाधिकारियों ने रणनीति तैयार की। सोमवार को यूनियन के जिला प्रवक्ता चौधरी राजेन्द्र सिंह,धामपुर तहसील अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह टिकैत, धामपुर ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र सिंह व नहटौर ब्लॉक अध्यक्ष विशाल डबास यूनियन के ब्लॉक कार्यालय पहुंचे। बैठक में जिला प्रवक्ता ने कहा कि महापंचायत में अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के लिए न्याय पंचायत स्तर पर पंचायतों का आयोजन किया जाए तथा अधिक से अधिक किसानों को महापंचायत में जाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह नूरपुर ब्लॉक से अधिक से अधिक ट्रैक्टरों की व्यवस्था करके भीड़ जुटाएं। बैठक में शीशपाल सिंह, मास्टर देवेन्द्र सिंह, रवि चौधरी, विनीत धनकड़ आदि उपस्थित रहे।

# खोखे में लगी आग से हजारों का नुकसान



**नगीना ( चिंगारी )।** धामपुर मार्ग पर बिजली दफ्तर के पास रखे खोखे में रात आग लग गई, जिससे खोखे में रखा हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दमकल कर्मियों ने मौके पर काबू पाया। नगीना फायर स्टेशन के एफएसएसओ दीपक कुमार ने बताया कि बीती रात 11:30 बजे उन्हें खोखे में आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद कर्मी मौके पर पहुंचे और खोखे में लगी आग को बुझाया। आग किन कारणों से लगी, यह स्पष्ट नहीं हो पाया। बताया कि बिजली दफ्तर के पास सड़क किनारे अर्जुन पुत्र रोहिताश और निर्देश कुमार पुत्र चंद्रपाल वेज बिरयानी का ठेला लगाते हैं। रात में ठेले का सारा सामान खोखे में रखकर चले जाते हैं। आग में खोखे में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया।

# नगर अध्यक्ष बने अबरार मंसूरी, शीघ्र बनायेंगे कार्यकारिणी पूरी

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर के आरयूएम हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित हुई पत्रकारों की बैठक में अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के जिलाध्यक्ष हाशिम अहमद ने पत्रकार अबरार मंसूरी को नगर अध्यक्ष और पंडित कृष्ण कुमार कौशिक को महासचिव मनोनीत किया। बैठक में मनोयन पत्र सौंपते हुए हाशिम अहमद ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से शीघ्र नगर कार्यकारिणी का गठन करने, संगठन को मजबूत बनाने और पत्रकारों के हितों और अधिकारों के लिए कार्य करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष ने अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के बारे में बताते हुए कहा कि उनके संगठन का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों के हितों की रक्षा करना और पत्रकार सुरक्षा आयोग का गठन कराने के लिए प्रयास करना है। इस मौके पर नाजिम मलिक को कोषाध्यक्ष और धर्मवीर राजपूत, मौ. शाहनवाज को सरंक्षक बनाया गया। इस अवसर पर अजलान अंसारी, मनोज शर्मा, नौशाद सैफी, सपना वर्मा, इकबाल अंसारी, शाही अराफात, अदनान राईन, सुहैल राजू, आमिष रस्तोगी, मास्टर विजय वर्मा, नवनीत राजपूत आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एस भारती ने किया।



नवनियुक्त नगराध्यक्ष अबरार मंसूरी और महासचिव पंडित कृष्ण कुमार कौशिक का स्वागत करते पदाधिकारी।

# कल चांदपुर में भव्य कार्यक्रम आयोजित करेगी शिवसेना



**चांदपुर ( चिंगारी )।** शिवसेना कार्यकर्ताओं की बैठक बसंती देवी धर्मशाला में राज्य उपप्रमुख पं. नरेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं संदीप चौहान के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक में शिवसेना के मुख्य नेता एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अडसूल के निर्देशानुसार कल 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शिवसेना जनपद बिजनौर की ओर से चांदपुर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राज्य उपप्रमुख पं. नरेश कुमार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राम मंदिर निर्माण, धारा 370 सहित अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं, जिनकी हम प्रशंसा करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। बैठक में मुकेश लाबा, शोभित गुर्जर, दिनेश तोमर, तेजपाल सिंह, पंकज कुमार, चरण सिंह, शंकर, संतोष, ऋषि सहित अनेक शिवसैनिक मौजूद रहे।

# मदरसे में हुआ दीनी जलसे का आयोजन



**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर के मदरसा इशातुल उलूम हल्दौर में एक दीनी जलसे का आयोजन किया गया, जिसमें कुरान-ए-पाक हिफ्ज करने वाले मदरसे के तीन बच्चों की दस्तारबंदी की गई। दीनी जलसे में हजरत मुफ्ती मुशाहिद साहब (नगीना) ने कुराने पाक की फजीलत बयान की और सभी मुसलमानों से अपने बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ-साथ दीनी तालीम दिलाने की अपील की। आखिर में हजरत मौलाना इस्लामुद्दीन साहब ने अपनी दुआ के साथ जलसे को मुकम्मल कराया। इस दौरान कुरान-ए-हिफ्ज करने वाले मदरसे के तीन बच्चों हाफिज मौहम्मद फईम पुत्र मौलाना इरशाद नजीबाबाद, हाफिज मौहम्मद हुजैफा पुत्र मौहम्मद अनवर हल्दौर व हाफिज मौहम्मद फरहान पुत्र मौहम्मद इश्तियाक नसीरपुर की उलेमाओं द्वारा दास्तार बंदी की गई। जलसे में डॉ. शहजाद अहमद, शफीक अहमद, डॉ. नफीस अहमद, रिजवान अहमद, हाजी नफीस अहमद, मास्टर अंजार अंसारी, मुफ्ती तनवीर अहमद, मुफ्ती मकसूद अहमद, मौलाना अहमद व मौलाना फुरकान अहमद आदि मौजूद रहे।

# चौ. महेन्द्र सिंह टिकैत को याद किया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक महेन्द्र सिंह टिकैत की 91वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर हवन व भंडारे का आयोजन भी किया गया। आज सुबह ग्राम बागड़पुर स्थित स्व. महेन्द्र सिंह टिकैत की प्रतिमा स्थल पर हवन हुआ तथा बाद में उनके अनुयाईयों ने स्व. महेन्द्र सिंह टिकैत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर चौ. कुलदीप सिंह, ब्लाक अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, तहसील अध्यक्ष नितिन राणा, जितेन्द्र सिंह सिद्धू, जसवंत सिंह, सोमपाल सिंह, हरि राज सिंह, शमशेर सिंह, हुक्म सिंह, रामपाल सिंह, अशोक कुमार, विकास कुमार, सम्राट सिंह सहित बड़ी संख्या में भाकियू कार्यकर्ताओं ने स्व. महेन्द्र सिंह टिकैत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। बाद में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# प्रबंधक की पुत्रवधू के निधन पर शोक जताया

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एचसीएम इंटर कॉलेज कासमपुर गढ़ी की प्रबंध समिति के मैनेजर मेघनाथ सिंह की पुत्रवधू एवं देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ अमित कुमार की धर्मपत्नी श्रीमती अभिलाषा चौहान की असमय मृत्यु पर शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है। सोमवार को कॉलेज प्रांगण में आयोजित शोकसभा में स्वर्गीया श्रीमती अभिलाषा चौहान की आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दु:ख सहन करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। प्रधानाचार्य रमेश चक्रवर्ती की अध्यक्षता एवं अंग्रेजी प्रवक्ता एड. विपिन कुमार चौहान के संचालन में आयोजित शोकसभा में छत्रपाल सिंह सहित शिक्षकों महेश कुमार, विपिन कुमार एड., गौरव कुमार, रामकुमार सिंह, राज बहादुर सिंह, नाजिश परवीन, लवकुश कुमार, दिग्विजय सिंह, पर्वेंद्र शर्मा व ज्योति चौहान आदि मौजूद रहे।

# नुक्कड़ नाटक के जरिये योजनाओं की जानकारी दी



**नगीना ( चिंगारी )।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतीय परिषद सदस्य एड. रोहित कुमार रवि ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत विकसित भारत संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत नगीना विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जा रहा है। छात्रों ने प्रभावी ढंग से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर योजनाओं की जानकारी दी। नगीना विधानसभा क्षेत्र में एक दिन में 19 स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य महेश कुमार, आचार्य सुभाष कुमार विद्यालय का स्टाफ और छात्र मौजूद रहे।

# और कर छेड़छाड़, हो गया ना गिरफ्तार



**किरतपुर ( चिंगारी )।** नाबालिग से छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के मामले में किरतपुर पुलिस ने एक युवक को पॉक्सो एक्ट समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। क्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि इस्लामपुर सादात निवासी सुन्दर ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुन्दर के खिलाफ मुकदमा पाक्सो एक्ट के तहत दर्ज किया। सोमवार को पुलिस ने मामले में वांछित आरोपी सुन्दर को गिरफ्तार कर लिया है।

# आईटीआई एडमिशन के लिए पंचम चरण की प्रक्रिया जारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद में संचालित समस्त राजकीय एवं निजी आईटीआई में अगस्त 2026 से प्रारंभ हो रहे प्रशिक्षण सत्र में प्रवेश के लिए चार चरण की प्रवेश प्रक्रिया के उपरांत भी कुछ संस्थान में कुछ ट्रेड की सीट अभी रिक्त रह गई है। इन रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रवेश प्रक्रिया जारी की गई है। इस प्रवेश प्रक्रिया में ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में आवेदन ऑनलाइन किया था, किंतु अभी तक उनका किसी भी संस्थान हेतु चयन नहीं हो पाया है। वे अब रिक्त रह गई सीटों के सापेक्ष अपना विकल्प परिवर्तन कर सकते हैं, ऐसे अभ्यर्थी जिनका चयन हो गया था, किंतु वह किन्हीं कारणों से प्रवेश नहीं ले पाए थे, वह भी अब रिक्त रह गई सीटों पर विकल्प परिवर्तन कर सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में ऑनलाइन आवेदन नहीं किया था, अब नया आवेदन पत्र ऑनलाइन कर सकते हैं तथा ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में एडमिशन लेकर किन्ही कारणों से नाम कटा लिया था। अपना प्रवेश आवेदन पत्र ऑनलाइन कर सकते हैं। रिक्त सीटों का विवरण www.scvtup.in पर उपलब्ध है। इसी वेबसाइट पर अभ्यर्थी आज दिनांक 06 अक्टूबर 2026 से 11 अक्टूबर 2026 तक तक अपने पूर्व आवेदन में विकल्प परिवर्तन तथा नए आवेदन पत्र ऑनलाइन कर सकते हैं। यह जानकारी राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक द्वारा दी गई।

# नुक्कड़ नाटक के जरिये सेवा संकल्प अभियान के प्रति जागरूक किया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को रा.बा.इ. कॉलेज किरतपुर की छात्राओं ने विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। छात्राओं ने अपने अभिनय के माध्यम से अभियान के 25 वर्षों की सेवा यात्रा और इसके तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। छात्राओं ने अम्बेडकर नगर बस्ती तथा बस स्टैंड के निकट पुलिस चौकी पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को सेवा संकल्प अभियान से जुड़ने और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती नीरू राणा उपस्थित रहीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती चन्द्रवरुण देशबंधु ने भी अभियान के उद्देश्यों और योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती कविता शर्मा, श्रीमती मोनिका आजाद, श्रीमती हनी ठाकुर और अरीबा परवीन का सहयोग रहा।







# कृषि को लाभकारी बनाना और किसानों की आय बढ़ाना सरकार का उद्देश्य : गणेश जोशी

## कृषि मंत्री ने 'कृषक रथ' किया रवाना




**देहरादून ( चिंगारी )।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सुवाखोली में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में कृषक रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को कृषि यंत्र और विभिन्न फसलों के उन्नत किस्म के बीज वितरित किए। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक भी प्रदान किये।

कार्यक्रम में किसानों से संवाद करते हुए कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में देश और प्रदेश में सेवा कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प के अनुरूप सरकार का प्रयास है कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषक रथ गांव-गांव जाकर किसानों को कृषि और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देगा। इसके माध्यम से किसानों को योजनाओं की पात्रता, सुविधाओं और मिलने वाले लाभ के बारे में जागरूक किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक किसान सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।

उन्होंने कहा कि किसानों को केवल पारंपरिक खेती तक सीमित रहने के बजाय आधुनिक तकनीक, फसल विविधीकरण और मूल्य संवर्धन को अपनाना चाहिए। इससे खेती से आय के नए स्रोत विकसित किए जा सकते हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, निदेशक कृषि दिनेश कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# शेरकोट में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित



## 14 रोगियों को आपरेशन के लिए किया चिन्हित

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला खुराड़ा स्थित समाजसेवी सज्जाद सिद्दीकी के आवास पर लगाए गए एक दिवसीय फ्री आई कैम्प में सी.एल.गुप्ता आई इंस्टीट्यूट मुरादाबाद की टीम ने 108 रोगियों का नेत्र परीक्षण कर 14 लोगों को निःशुल्क आपरेशन कर लैंस लगाने के लिए चिन्हित किया। सोमवार को सुबह दस बजे से शुरू हुए कैम्पस में डॉ. सोना और डॉ. समरीन ने कैम्प में पहुंचे महिलाओं, पुरूषों और बच्चों की आंखों की जांच की। इस दौरान आपरेशन कर निःशुल्क लैंस लगाने के लिए मोतियाबिंद के 14 रोगियों को चिंहित किया गया। कैम्प में रोगियों को बीमारियों से बचने के लिए आंखों की सफाई का विशेष ध्यान रखने, पोष्टिक आहार लेने, बच्चों को मोबाइल से दूर रखने और प्रदूषण वाले स्थान पर चश्मा लगाने की भी सलाह दी गई। कैम्प आयोजक सज्जाद सिद्दीकी ने बताया कि चिंहित किये गए सभी 14 मोतियाबिंद पीड़ितों को लैंस लगाने के लिए बुधवार को मुरादाबाद अस्पताल ले जाया जाएगा। इनका आने जाने, खाने पीने, दवाई व चश्मे सहित सभी इलाज फ्री रहेगा। सरोज कुमारी, रूपा देवी, रवि श्रीवास्तव, धर्मेंद्र आर्य आदि आंखों की जांच करने वाली टीम में शामिल रहे।

# नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें युवा : राज्यपाल गुरमीत सिंह

**देहरादून ( चिंगारी )।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने युवाओं से नशे से दूर रहने और अपनी ऊर्जा को शिक्षा, खेल, कौशल विकास, नवाचार तथा राष्ट्र निर्माण के कार्यों में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है और स्वस्थ, जागरूक एवं नशामुक्त युवा ही विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। राज्यपाल मंगलवार को कुवांवाला स्थित सीआईएमएस एवं यूआईएचएमटी परिसर में आयोजित 'नशामुक्त युवा-विकसित भारत का भविष्य' युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने युवाओं से नशे के दुष्प्रभावों को समझने और अपने आसपास के लोगों को भी इससे दूर रखने के लिए जागरूक करने की अपील की।

राज्यपाल ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई किसी एक व्यक्ति, संस्था या विभाग की जिम्मेदारी नहीं है। इसके लिए पूरे समाज को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि परिवार बच्चों के साथ लगातार संवाद बनाए रखें और उनकी गतिविधियों, मानसिक स्थिति तथा मित्र मंडली को समझने का प्रयास करें।

### नशे के खिलाफ लड़ाई पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी

उन्होंने कहा कि नशे की समस्या से निपटने के लिए परिवार, शिक्षण संस्थानों, पुलिस, चिकित्सकों और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। यदि समय रहते युवाओं को सही मार्गदर्शन और सहयोग मिल जाए तो उन्हें नशे की गिरफ्त में जाने से रोका जा सकता है।

राज्यपाल ने युवाओं से कहा कि उनके भीतर अपार ऊर्जा और क्षमता है। इस ऊर्जा का उपयोग नशे जैसी बुराइयों में नहीं, बल्कि शिक्षा, खेल, कौशल विकास, अनुसंधान, नवाचार और समाज सेवा में किया जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने और देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल गुरमीत सिंह ने पूर्व सीडीएस एवं उत्तराखंड के गौरव जनरल बिपिन रावत के नाम पर नवनिर्मित सभागार का लोकार्पण भी किया। उन्होंने इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायी पहल बताया।

उन्होंने कहा कि जनरल बिपिन रावत ने अपने सैन्य जीवन में देश की सेवा और नेतृत्व का उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके नाम पर सभागार का निर्माण युवाओं को राष्ट्र सेवा, अनुशासन और समर्पण की भावना से प्रेरित करने वाला कदम है।

# छात्र पर जानलेवा हमले का बाल अपचारी पकड़ा गया

**नूरपुर ( चिंगारी )।** कस्बे के मोहल्ला शहीदनगर निवासी रामवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसके बेटे अर्णव प्रताप को गांव बीरबपुर उर्फ बूढ़पुर निवासी एक बाल अपचारी बाइक पर बैठा कर हकूमतपुर मार्ग पर एक खाली प्लाट में ले गया था, जहां उसने चाकू से जानलेवा हमला कर अर्णव को गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर सुनकर घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों ने घायल छात्र को देखा तो उसके परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए सीएचसी ले गए थे। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया था। घटना के बाद से वह फ़रार चल रहा था। सोमवार को पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

चिंगारी
ऋषिकेश-लक्ष्मणझूला में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें-
राजेश शर्मा
मो. 9411361854

# मुख्यमंत्री से मिले एबीवीपी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी




**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने हाल ही में संपन्न छात्रसंघ चुनाव में निर्वाचित सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में मिलने वाला दायित्व युवाओं के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उनकी नेतृत्व क्षमता को निखारने का महत्वपूर्ण अवसर होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थी परिषद लंबे समय से छात्र हितों के साथ राष्ट्र हित, सामाजिक सरोकारों और युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण के लिए कार्य करती रही है। संगठन युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी, राष्ट्र के प्रति समर्पण और समाज के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से विद्यार्थी परिषद की मूल भावना और उद्देश्यों के अनुरूप छात्र-छात्राओं के हितों के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छात्र प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं होती, बल्कि विद्यार्थियों की समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए सकारात्मक प्रयास करना भी उनके दायित्व का हिस्सा है। मुख्यमंत्री धामी ने युवाओं से 'फ्यूचर रेडी' बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय तेजी से बदल रहा है। तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल माध्यमों, रोजगार के नए अवसरों और वैश्विक स्तर पर हो रहे बदलावों के बीच युवाओं के लिए स्वयं को लगातार अपडेट रखना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्र जीवन केवल शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल करने तक सीमित नहीं है। यह समय नेतृत्व, संवाद, अनुशासन, निर्णय लेने की क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी सीखने का भी महत्वपूर्ण अवसर है।

# कांग्रेस ने की निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली की पारदर्शी जांच की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से लोकतांत्रिक व्यवस्था, मतदाताओं के अधिकारों तथा निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता से जुड़े विभिन्न विषयों को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से देश की राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया गया। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मीना बछ्वाण के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की ओर से प्रेषित ज्ञापन में कहा है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया तथा संवैधानिक संस्थाओं में आम जनता का विश्वास बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। कहा कि वर्तमान में निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे हैं, जिसकी पारदर्शी जांच आवश्यक है। ज्ञापन में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधित करने की प्रक्रिया

## जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने, राजनीतिक दलों एवं आम नागरिकों द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित उठाई गई शिकायतों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निराकरण करने तथा निर्वाचन से संबंधित आवश्यक जानकारी और आंकड़ों को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई है। ज्ञापन में देश की राष्ट्रपति से उपरोक्त विषयों का संज्ञान लेते हुए भारत निर्वाचन आयोग एवं संबंधित संवैधानिक संस्थाओं को आवश्यक कार्रवाई, पारदर्शिता तथा जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु दिशा-निर्देश प्रदान करने की अपील की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ चंद्रमोहन खर्कवाल, विनीता भारती, लक्ष्मी नेगी, सुनील सेमवाल, राकेश शर्मा, राजीव कपूर व देवेंद्र सिंह नेगी आदि शामिल रहे।

# हमलावर गुलदार को पकड़ने के लिए कदम उठाया

## वन विभाग ने नाग मंदिर के पास पिंजरा लगाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सनेह के गुलदार प्रभावित रामपुर क्षेत्र में हमलावर गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग ने पिंजरा लगा दिया है। नाग मंदिर के समीप लगाए गए पिंजरे के साथ ही वन विभाग ने कुंभीचौड़ और ग्रास्टनगंज में दो नए कैमरा ट्रैप भी लगाए हैं और क्षेत्र में वनकर्मियों की गश्त लगातार जारी है। रामपुर निवासी मोहन सिंह रावत और कमल सिंह ने बताया कि गुलदार की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए वन विभाग ने पहले क्षेत्र में ट्रैप कैमरा लगाया था। गुलदार को पकड़ने के लिए क्षेत्रवासियों ने पिंजरा लगाने की मांग की थी। इस पर वन विभाग ने वन्यजीव प्रमुख से अनुमति मांगी थी। अनुमति मिलने के बाद रविवार को नाग मंदिर के समीप पिंजरा लगा दिया गया। वहीं, शनिवार को कुंभीचौड़ स्थित मनकामेश्वर मंदिर के समीप गुलदार के



हमले में युवक सागर गुरुंग के घायल होने के बाद वन विभाग ने वहां और ग्रास्टनगंज में ट्रैप कैमरा लगाए हैं। अब क्षेत्र में कुल तीन ट्रैप कैमरों से गुलदार की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इस संबंध में रेंजर विपिन चंद्र जोशी ने बताया कि अधिकारियों की अनुमति मिलने के बाद रामपुर में पिंजरा लगा दिया गया है। कुंभीचौड़ और ग्रास्टनगंज में दो ट्रैप कैमरा लगाए गए हैं। वनकर्मियों की गश्त भी लगातार जारी है।

# जनपद स्तरीय संस्कृत स्पर्धा 7 एवं 8 को

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड संस्कृत संस्थान हरिद्वार की ओर से आयोजित संस्कृत प्रतियोगिताओं के अंतर्गत जनपद स्तरीय संस्कृत स्पर्द्धा का आयोजन कोटद्वार स्थित श्री सिद्धबली धाम में 7 व 8 अक्टूबर को किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए प्रतियोगिता के पौड़ी गढ़वाल संयोजक रोशन गौड़ ने बताया कि जनपद के समस्त विकास खंडों में आयोजित खंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र दल इस जनपदीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे और जनपद स्तरीय स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाला छात्र दल राज्य स्तरीय संस्कृत महोत्सव में जनपद का प्रतिनिधित्व करेगा।

# गोवा में आयोजित फुटबाल चैम्पियनशिप में विजेता पहाड़ी बॉयज टीम सम्मानित



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** गोवा में ऑल इंडिया चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाली 40 प्लस पहाड़ी बॉयज फुटबॉल टीम का ऋषिकेश स्थित होटल हिमालय में भारत विकास परिषद, योग नगरी शाखा द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारत विकास परिषद की संरक्षक पूर्व मेयर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती अनिता ममगाईं, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष पवन शर्मा मौजूद रहे। श्रीमती अनिता ममगाईं ने सभी विजेता खिलाड़ियों को माल्यार्पण शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कहा कि 40 वर्ष की उम्र के बाद भी जिस जुनून और फिटनेस के साथ टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड का नाम रोशन किया है, वह युवाओं के लिए प्रेरणा है। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष पवन शर्मा ने कहा कि भारत विकास परिषद हमेशा से ही खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करती रही है। टीम की यह ऐतिहासिक जीत पूरे ऋषिकेश और उत्तराखंड के लिए गर्व का विषय है। परिषद भविष्य में भी खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देगी। टीम के संस्थापक गोपाल रावत ने बताया कि गोवा में देशभर की कई दिग्गज टीमों को हराकर उन्होंने यह चैंपियनशिप जीती है। टीम में तिलोकनाथ गुप्ता मैनेजर, दीपक बिष्ट कप्तान, दिग्विजय तोमर कोच अनिल रावत, विजय शर्मा, शीशपाल पोखरियाल, शैलेंद्र आठवल, यशवंत रावत को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के संगठन सचिव आकाश जैन, राजेंद्र पांडेय, राजकुमारी जुगलान, कमलेश जैन, अनीता रेना, पंकज शर्मा, रमेश अरोड़ा, अजय कालड़ा, विजय बड़ोनी, महावीर चमोली, अनूप बडोनी, मनीष मनवाल, रोमा सहगल, राजेश गौतम, आदि उपस्थित थे।

# योग को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति की समिति कार्यालय में आयोजित बैठक में योग को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। बैठक में आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने व अन्य स्थानों पर भी योग कक्षाएं संचालित करने का निर्णय लिया गया। मौके पर नियमित योग कक्षा संचालन करने पर शशि शर्मा, सुशील वर्मा, सुनीता माहेश्वरी, सुनीता ओझा, शशि सिंघल, रितिका चौहान, रश्मि व रानी आदि योग साधकों को सम्मानित किया गया। बैठक में शहर के विभिन्न स्थानों पर संचालित योग कक्षाओं के साधकों ने प्रतिभाग किया।

# ग्रास्टनगंज क्षेत्रवासियों को वन्य जीवों से बचायें आवाजाही रोकने के लिए पक्की सुरक्षा दीवार बनवायें

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जंगल से सटे ग्रास्टनगंज क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा और मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम को लेकर वन विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वन्यजीवों के संरक्षण के साथ ही ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के माध्यम से वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया गया। इस दौरान क्षेत्रीय निवासियों ने विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया कि जंगल से सटे होने के कारण क्षेत्र में हाथी और गुलदार की आवाजाही बनी रहती है, जिससे ग्रामीणों में हमेशा खतरे की आशंका बनी रहती है। मौके पर स्थानीय लोगों ने वन्यजीवों से होने वाले संभावित खतरे को देखते हुए क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों और अन्य वन्यजीवों की आबादी वाले क्षेत्र में आवाजाही रोकने के लिए पक्की सुरक्षा दीवार का निर्माण कराने की मांग की। वहीं वन अधिकारियों ने क्षेत्रीय निवासियों की मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान पार्षद जेपी ध्यानी, राजेश प्रकाश थपलियाल व वन विभाग के रेंजर हरीश कुमार सहित विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# दो मोटर साइकिलों की आमने सामने की टक्कर में एक की मृत्यु, तीन घायल

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** देहरादून रोड स्थित जंगलात बैरियर से करीब एक किलोमीटर आगे मोटरसाइकिल UK14A-6973 व UK07FP-7856 की आमने-सामने टक्कर हो गई। सूचना पर चौकी प्रभारी बस अड्डा मय चीता पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे। दोनों मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर होना पाया गया, जिसमें मोटरसाइकिल सवार सोहन लाल की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जब कि बलराम नौटियाल, प्रियांशु मिश्रा रोहित कण्डवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से राजकीय चिकित्सालय ऋषिकेश भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

# रोटरी क्लब ने किया कैरियर काउंसलिंग का आयोजन

## इन्ट्रेक्ट क्लब का किया गया गठन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब की ओर से मेहरबान सिंह कण्डारी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज कालाबड़ में कैरियर काउंसलिंग आयोजित की गयी एवं इन्ट्रेक्ट क्लब का गठन किया गया। कार्यक्रम के पहले सत्र में इन्फॉर्मेटिक्स कैरियर अकादमी के संजय अग्रवाल ने विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार एवं कैरियर के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि अपने भविष्य के कैरियर का चयन करते समय केवल दूसरों की देखा-देखी न करें, बल्कि अपनी रुचि, योग्यता एवं अभिरुचि के अनुसार करें। कहा कि लक्ष्य प्राप्त करने के लिए स्वयं को पहचानना, एकाग्रता बनाए रखना तथा निरंतर प्रयास करना महत्वपूर्ण है। दूसरे सत्र में इन्ट्रेक्ट क्लब का गठन किया गया जिसमे जिया अध्यक्ष, अर्चना सचिव व वर्षा कोषाध्यक्ष बनायी गई तथा 20 सदस्य बनाये गए। ममता रावत को कॉर्डिनेटर का दायित्व सौंपा गया। तत्पश्चात क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों को क्लब अध्यक्ष प्रतिभा गुप्ता द्वारा शपथ दिलाई गई। मौके पर रोटरी सदस्यो द्वारा विद्यार्थियों को नेतृत्व, सेवा-भाव और सकारात्मक सोच के साथ समाज के लिए कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान क्लब सचिव, बीना रावत, ज्योति स्वरूप उपाध्याय, अशोक अग्रवाल, विजय कुमार माहेश्वरी और गोपाल बंसल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# रेलवे कर्मियों ने आउटसोर्सिंग व निजीकरण के खिलाफ की गेट मीटिंग

नजीबाबाद (चिंगारी)। रेलवे में आउटसोर्सिंग व निजीकरण के खिलाफ नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन नजीबाबाद शाखा पूरी तरह मुखर हो गई है। मंडल व केंद्र के आह्वान पर सोमवार को सुबह 7 बजे से 8:30 बजे तक नजीबाबाद में एक व्यापक जनजागरण अभियान चलाया गया, जिसके तहत सीएनडब्ल्यू व टीआरडी कार्यालयों पर गेट मीटिंग की गयी। यूनियन पदाधिकारियों ने सीएनडब्ल्यू व एसएससी टीआरडी कार्यालयों का दौरा कर कर्मचारियों को आउटसोर्सिंग के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। शाखा अध्यक्ष फखरुद्दीन की अध्यक्षता व सीएमआई राकेश कुमार मीना के संचालन में आयोजित मीटिंग में इलेक्ट्रिक, ऑपरेटिंग, इंजीनियरिंग, सीएनडब्ल्यू, टीआरडी व एसएनटी विभागों के सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान कोषाध्यक्ष संतोष अरोड़ा, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, वीरेंद्र कुमार, सहायक सचिव तुषार भटनागर, राजेश गुप्ता, संजय कुमार व अन्य विभागों के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# किसानों ने बिजली कटौती, गुलदार व गन्ना भुगतान को लेकर ज्ञापन सौंपा

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की तहसील परिसर में आयोजित मासिक बैठक में किसानों की समस्याओं बिजली कटौती, गुलदार व गन्ना भुगतान को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। प्रमोद कुमार की अध्यक्षता एवं व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रामोद कुमार के संचालन में बैठक में किसानों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की अघोषित कटौती से खेती-किसानी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से किसानों को सिंचाई में परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं खेतों में घूम रहे आवारा पशु फसलों को बर्बाद कर रहे तथा गुलदारों का खतरा बना हुआ हैं। किसानों ने गन्ने का भुगतान समय से नहीं होने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष भूदेव चौधरी, महबूब कासिम, नरपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, अल्ताफ अहमद, नसीम अहमद, रफीक अहमद, अरविंद सलवान, दीपक कुमार, नासिर कुरैशी सहित काफी संख्या में किसान एवं संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।






8 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे आगमन बैंकट हाल चांदपुर में होने वाले

कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।

मुख्य अतिथि- श्री केसी त्यागी

अध्यक्ष संसदीय बोर्ड रालोद

विशिष्ट अतिथि

श्री चंदन चौहान सांसद

श्री ऐश्वर्य राज सिंह प्रदेश अध्यक्ष

श्री रामवीर सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष



एसके त्यागी

-: निवेदक :-

एसके त्यागी

जिला महासचिव रालोद


# मालगाड़ी के सामने लेटकर आत्महत्या की



नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर-1 पर आज सुबह करीब 11 बजे मेन लाइन पर मालगाड़ी से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। उक्त व्यक्ति अचानक मालगाड़ी के सामने रेल पटरी पर लेट गया। बताया जाता है कि उक्त व्यक्ति ने रेल से कटकर आत्महत्या की है। घटना की सूचना रेलवे पुलिस को दी गई है। सूचना मिलते ही राजकीय रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।


गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist

Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat

CLASSIC TAILORS

9927060150

CLASSIC SHOES

CLASSIC Shoes

M: 9897041426

NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus

Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD

Kajaria Exculsive Showroom

बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट

Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT

Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक

₹8/- PER SQ.FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा

TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY

8445517265

8791919960

सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर